




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25








वर्ष- 15 अंक - 227 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 31 मई 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# संसद में इस बार इतिहास रचेगा दुर्ग!

## जिले से कुल 6 प्रत्याशी राष्ट्रीय दलों से लड़ रहे चुनाव, जीते तो बनेगा रिकार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** राजनैतिक दृष्टि से दुर्ग जिला एक बार फिर इतिहास रचने के मुहाने पर है। अविभाजित मध्यप्रदेश और फिर छत्तीसगढ़ राज्य को दो-दो मुख्यमंत्री देने वाले इस जिले से राष्ट्रीय दलों ने कुल 6 प्रत्याशी मैदान में उतारे थे। यदि ये चुनावी जीत दर्ज करते हैं तो संसद में एक नया इतिहास रचा जाएगा और नया रिकार्ड भी बनेगा। दुर्ग जिले से राज्यसभा और लोकसभा मिलाकर दो सांसद पहले भी रह चुके हैं, लेकिन लोकसभा में एक ही क्षेत्र के दो या अधिक सांसद बिरले ही रहे हैं। कांग्रेस ने दुर्ग लोकसभा के अलावा तीन अलग-अलग क्षेत्रों से दुर्ग के ही नेताओं को आजमाया है। वहीं भाजपा ने भी दुर्ग लोकसभा के अलावा कोरबा क्षेत्र के लिए एक प्रत्याशी दिया। दुर्ग के लिए यह बड़ी और महत्वपूर्ण घटना है। यदि दुर्ग के जनप्रतिनिधि दीगर क्षेत्रों से जीत दर्ज कर ऊपरी सदन में पहुंचते हैं तो संसद का नजारा भी दर्शनीय होगा।

वैसे तो दुर्ग जिला सबसे पहले तब सुर्खियों में आया था जब, मोतीलाल वोरा अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बने, लेकिन जिले को पहचान दिलाने में कांग्रेस नेता चंदूलाल चंद्राकर की भूमिका भी बेहद अहम् रही। दुर्ग विधानसभा सीट से दो बार 1972 व 1977 में निर्वाचित होने के बाद 1980 में तीसरी बार जीतने पर मोतीलाल वोरा को मध्यप्रदेश के अर्जुन सिंह मंत्रिमंडल में उच्चशिक्षा, विज्ञान व टेक्नालाजी, परिवहन समेत अन्य विभागों का मंत्री बनाया गया। 1985 में चौथी बार



विधायक निर्वाचित होने के बाद मार्च 1985 को वोरा ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर खूब सुर्खियां बटोरी। वे दो बार मुख्यमंत्री रहे। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री रहे और उत्तरप्रदेश के राज्यपाल भी बनाए गए। वोरा की वजह से दुर्ग का नाम देशभर में पहुंचा। हालांकि दुर्ग का डंका बजाने के मामले में वरिष्ठ पत्रकार और कांग्रेस नेता चंदूलाल चंद्राकर की भी महती भूमिका रही। 1970 से लेकर 1991 तक वे दुर्ग सीट से 5 बार सांसद रहे। दो बार केन्द्रीय मंत्री भी बनाए गए। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में भी उन्होंने काम किया। लेकिन पहचान दिलाना और लोकतंत्र के इतिहास में नाम दर्ज कराना अलग-अलग चीजें है। देश के इतिहास में संभवत: यह पहली बार हुआ है कि एक ही एक क्षेत्र के कुल 6 प्रत्याशियों को राष्ट्रीय दलों ने प्रत्याशी बनाया। ऐसे में 4 जून को आने वाले चुनाव के नतीजे इस इतिहास को ऐतिहासिक भी बना सकते हैं।

### इन सीटों पर लग रहे कयास

नतीजों से पहले जीत-हार पर चर्चा समीचीन नहीं है, लेकिन कयासों पर ध्यान दें तो कई सीटों पर उलटफेर की गुंजाइश बरकरार है। शायद यही वजह है कि दुर्ग जिला इतिहास रचने के करीब है। कहा जा रहा है कि कोरबा सीट पर सरोज पाण्डेय मजबूत स्थिति में है। इसी तरह राजनांदगांव सीट में भी उलटफेर की संभावना जताई जा रही है। यदि वहां से भूपेश बघेल जीतते हैं तो दुर्ग सीट से एक सांसद और कोरबा व राजनांदगांव से दो सांसद हो जाएंगे। ऐसे में दुर्ग जिले के 3 जनप्रतिनिधियों की आवाज लोकसभा में गूंजेगी। राज्य में तीन चरणों में हुए मतदान के बाद भाजपा अब भी अडिग है कि वह राज्य की सभी 11 सीटें जीत रही है। वहीं कांग्रेस भी 4 से 5 सीटों पर जीत की उम्मीद जता रही है। वैसे, दुर्ग जिले से दो सांसद पहले भी संसद का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। यह दीगर बात है कि दोनों अलग-अलग सदनों में रहे। कांग्रेस पार्टी ने वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा को राज्यसभा में भेजा था, जबकि उसी दौरान दुर्ग संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सरोज पाण्डेय कर रहीं थीं। लोकसभा का चुनाव हारने के बाद पार्टी ने सरोज को राज्यसभा में भेजा। एक समय ऐसा भी था जब दुर्ग लोकसभा का नेतृत्व विजय बघेल ने किया। इस तरह पहले कांग्रेस और भाजपा और फिर भाजपा के ही दो जनप्रतिनिधि राज्यसभा और लोकसभा में दुर्ग का प्रतिनिधित्व करते नजर आए।

### दुर्ग जिले से कांग्रेस के 4 प्रत्याशी

2018 का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस की सरकार बनी तो सत्ता पर दुर्ग जिले का वर्चस्व था। पाटन सीट से चुनाव जीतने वाले भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बने तो दुर्ग ग्रामीण सीट से जीतने वाले ताम्रध्वज साहू गृहमंत्री बनाए गए। अहिवारा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले रूद्रकुमार गुरू को पीएचई की जिम्मेदारी सौंपी गई। कभी दुर्ग जिले का ही हिस्सा रहे साजा क्षेत्र से रविन्द्र चौबे को कृषि मंत्री बनाया गया तो दुर्ग शहर सीट से चुनाव जीतने वाले अरुण वोरा को वेयर हाउस कार्पोरेशन का चेयरमेन पद दिया गया। 2023 के अंत में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को पराजय मिली तो उसके तमाम आला नेताओं का घर बैठना पड़ा। यहां तक कि गृहमंत्री रहे ताम्रध्वज साहू स्वयं चुनाव हार गए। पीएचई मंत्री रहे रूद्रकुमार गुरू अहिवारा छोड़कर नवागढ़ गए और वहां पराजित हो गए। साजा से रविन्द्र चौबे की हार भी कांग्रेस के लिए सदमे से कम नहीं थी। बड़े नेताओं की पराजय के बाद पार्टी ने तय किया था कि प्रदेश के तमाम आला नेताओं को लोकसभा के मैदान में उतारा जाएगा। इसी के तहत विधानसभा का चुनाव हारने वाले ताम्रध्वज साहू को महासमुंद से प्रत्याशी बनाया गया तो बेहद कम वोटों से विधानसभा चुनाव जीतने वाले युवा नेता देवेन्द्र यादव को बिलासपुर से उतारा गया। मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतरे तो पार्टी ने भूपेश बघेल को राजनांदगांव से चुनाव लड़वाया। इन 3 प्रत्याशियों के अलावा दुर्ग सीट से कांग्रेस ने राजेन्द्र साहू को उतारा। इन सभी सीटों पर प्रत्याशियों का चयन जातीय व सामाजिक वोटों के दृष्टिगत किया गया।

### भाजपा से 2 प्रत्याशियों ने आजमाई किस्मत

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से सांसद रह चुकी राष्ट्रीय नेत्री सरोज पाण्डेय को भाजपा ने कोरबा जैसी अहम् सीट से चुनाव लड़वाया। इतिहास रचने के मामले में सरोज पाण्डेय भी पीछे नहीं रही हैं। उन्होंने एक ही समय में महापौर, विधायक और सांसद रहने का रिकार्ड अपने नाम किया था, जो अब भी बरकरार है। पिछली दफा पार्टी ने उन्हें राज्यसभा में भेजा। हाल ही में उनका कार्यकाल खत्म हुआ, जिसके बाद कोरबा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाईं गईं। यहां से कांग्रेस के कद्दावर नेता चरणदास महंत की पत्नी ज्योत्सना महंत ने पिछला चुनाव जीता था। कोरबा में इस बार अच्छा मुकाबला हुआ है और दोनों दल अपनी-अपनी जीत के प्रति आश्वस्त हैं। यदि यहां से सरोज पाण्डेय चुनाव जीतती हैं तो यह भी एक रिकार्ड ही होगा। वैसे, भाजपा को कोरबा सीट से खासी उम्मीदें हैं। कोरबा के अलावा दुर्ग सीट से भाजपा ने निवृत्तमान सांसद विजय बघेल पर भरोसा जताया है। यदि ये दोनों प्रत्याशी जीतते हैं तो लोकसभा में एक ही जिले से भाजपा के जनप्रतिनिधि होंगे। भले ही वे अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करें। दुर्ग सीट के बारे में चर्चा है कि यह जातीय समीकरणों में फंसकर रह गई है। शायद यही वजह है कि इस सीट के नतीजे का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। दरअसल, मोदी का चेहरा और प्रदेश सरकार के कामकाज नतीजों की कसौटी पर हैं।

## खास-खबर



### विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान में बैठे पीएम मोदी

**कन्याकुमारी।** देश में सातवें और आखिरी चरण के लोकसभा चुनाव की वोटिंग एक जून को होगी। इस चरण के मतदान की प्रचार अवधि खत्म होने के बाद पीएम मोदी कन्याकुमारी पहुंच गए। अब वहां समंदर में बनी विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे यानी एक जून की शाम तक ध्यानमग्न रहेंगे। आज उनके ध्यान का दूसरा दिन है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल के पास सूर्य देव को अर्घ्य दिया। उसके बाद दो दिन की ध्यान साधना शुरू कर दी। भाजपा ने इससे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया मंच पर साझा किया है। देखा जा सकता है कि पीएम मोदी ने सबसे पहले उगते हुए सूरज को जल चढ़ाया। उसके बाद हाथ जोड़कर प्रार्थना की और माला का जाप किया। बता दें पीएम मोदी गुरुवार को कन्याकुमारी पहुंचे थे। प्रधानमंत्री धोती पहने दक्षिण भारत की पारंपरिक पोशाक में दिखे। उन्होंने ऑफ-व्हाइट रंग का शॉल ओढ़ रखा था। कन्याकुमारी पहुंचने के बाद भगवती अम्मन मंदिर में प्रार्थना और पूजा-अर्चना की।

### राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष कैलाश रूंगटा के दीपक नगर स्थित निवास पर ईडी की रेड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में इडी ने शुक्रवार को रायपुर और दुर्ग में दो-दो जगह पर और खरोरा में एक जगह पर छापेमारी की है। ईडी की एक टीम राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश रूंगटा के दीपक नगर स्थित निवास पर पहुंची है।

इसी के साथ राइस कारोबारी और छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस संगठन के पूर्व महासचिव प्रमोद अग्रवाल के ठिकानों पर भी प्रवर्तन निदेशालय की टीम की कार्रवाई जारी है। बता दें कि छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग घोटाले में पूर्व एमडी मनोज सोनी और राइस मिलिंग के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर की गिरफ्तारी के बाद कई लोगों के नाम सामने आए हैं।

### प्राइवेट पार्ट में छिपाकर सोना तस्करी कर रही थी एयरहोस्टेस

**कन्नूर (ए.)।** केरल के कन्नूर एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक एयर होस्टेस गिरफ्तार किया गया है। एयर होस्टेस अपने प्राइवेट पार्ट में सोना छिपाकर ला रही थी।एयर होस्टेस के पास से करीब 960 ग्राम सोना जब्त किया गया है। आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी एयर होस्टेस सुरभि खातून है जो कोलकाता की रहने वाली है। सुरभि एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट की क्रू मेंबर है, एयर होस्टेस ओमान के मस्कट से कन्नूर जा रही थी। राजस्व खुफिया निदेशालय को सोना के तस्करी सूचना मिली थी। जिसके बाद डीआरआई कन्नूर टीम ने कन्नूर एयरपोर्ट पर एयर होस्टेस सुरभि खातून को रोका और उसकी तलाशी ली गई। एयरहोस्टेस ने 960 ग्राम सोने को पुरुष के लिंग का आकार देकर अपने प्राइवेट पार्ट में छिपा रखा था। आरोपी एयरहोस्टेस को 14 दिनों की रिमांड पर भेज दिया गया।

# बाइक से जा भिड़ी स्कूटी सवार बुजुर्ग महिला, हालत गंभीर

## सुबह-सुबह सेक्टर-6 ग्लोब चौक पर हुआ हादसा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर के इन दिनों लगातार सड़क हादसे बढ़ते जा रहे हैं। इसी कड़ी में बीएसपी टाउनशिप के सेंट्रल एवेन्यू पर शुक्रवार सुबह फिर एक हादसा हुआ जिसमें एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा सेक्टर 6 ग्लोब चौक के पास सुबह 8:30 बजे के आसपास हुआ है। एक्टिवा (CG 07 CP 5977) सवार महिला ब्रह्माकुमारी सेक्टर-7 से लौटकर रिसाली जा रही थी। ग्लोब चौक के पास बाइक से जा भिड़ी। हादसे के बाद वह बेसुद होकर सड़क पर गिर पड़ी।

एक्टिवा सवार महिला का नाम उर्मिला बताया जा रहा है। उनकी गाड़ी इतनी तेज गति में थी कि कंट्रोल नहीं कर पाई और बाइक से भिड़ने के बाद सड़क किनारे गिरते ही महिला बेहोश हो गई। इस दौरान आसपास के लोग जमा हो गए और 108 को कॉल किया। एंबुलेंस पहुंचने में देर होता देख एक प्राइवेट गाड़ी में एक शख्स घायल महिला को लेकर चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल ले जाया गया। चंदुलाल में भर्ती नहीं किए जाने पर महिला को स्पर्श हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज जारी है।

विगत पांच दिनों से यह चौथा ऐसा मामला है जिसमें गंभीर सड़क हादसा सामने आया है। 5 दिन पहले पंथी चौक में एक हादसा हुआ था जिसमें दसवीं कक्षा की छात्रा रिद्धिमा साहू की मौत हो गई थी। उसके बाद ट्रक की चपेट और एक्सीडेंट वाले कई मामले सामने आए हैं। ताजा मामले में ग्लोब चौक हादसे में महिला के सिर पर चोट आई है और अत्याधिक खून भी बह गया है। हादसे की सूचना के बाद भिलाई नगर पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### सेक्स स्कैंडल- प्रज्वल की 35 दिन बाद भारत वापसी : एसआईटी ने किया अरेस्ट



**बेंगलुरु।** कर्नाटक सेक्स स्कैंडल के मुख्य आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना 35 दिन बाद गुरुवार रात जर्मनी से भारत पहुंचे। बेंगलुरु के कैम्पेगौड़ा एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड होने के बाद रात करीब 1 बजे एसआईटी ने उन्हें कस्टडी में ले लिया। प्रज्वल को टीम सीआईडी ऑफिस ले गई, जहां उन्हें रातभर रखा गया। शुक्रवार को पूछताछ से पहले एसआईटी प्रज्वल को बॉरिंग और लेडी कर्जन हॉस्पिटल में मेडिकल के लिए ले गई। वहीं, उनके वकील अरुण भी सीआईडी ऑफिस में मौजूद हैं मेडिकल के बाद प्रज्वल को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया जाएगा। यहां पुलिस उनकी कस्टडी की मांग करेगी।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक एसआईटी समय-समय पर प्रज्वल का पोटेंसी टेस्ट कराने पर भी विचार कर रही है। बलात्कार का आरोपी पीड़ित पर यौन हमला करने में सक्षम है या नहीं, यह पता लगाने के लिए टेस्ट किया जाता है। फोरेंसिक टीम प्रज्वल का ऑडियो सैंपल भी लेगी, जिससे पता लगाया जा सके कि वायरल वीडियो में सुनाई रही आवाज प्रज्वल की है या नहीं। भारत आने से पहले प्रज्वल ने सेशंस कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका भी लगाई गई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

# कोहका में दो एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा कर बेच रहे थे दलाल

## निगम की टीम पहुंची तो भागे

### अवैध प्लाटिंग पर भिलाई निगम लगातार कर रहा कार्रवाई, लोगों से अपील प्लाट खरीदने से पहले कराएं जांच



**भिलाई।** शहर में अवैध प्लाटिंग पर भिलाई निगम की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भिलाई निगम के राजस्व अधिकारी के साथ संयुक्त टीम ने दो एकड़ सरकारी जमीन को मुक्त कराया। दरअसल दो एकड़ जमीन पर अवैध प्लाटिंग कर दलाल द्वारा बेचा जा रहा था। जैसे ही भिलाई निगम की टीम पहुंची तो दलाल वहां से भाग खड़ा हुआ।

भिलाई नगर निगम को जानकारी मिली की ग्राम कोहका के खसरा क्रं. 2136, 2142, 2143, 2144, 2145 लगभग 2 एकड़ भूमि में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। जिस पर नगर निगम के बिल्डिंग परमिशन आफिसर हिमांशु देशमुख, जोन के राजस्व अधिकारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की। जैसे ही नगर निगम का टीम पहुंचा बुकिंग करने वाले दलाल स्थल छोड़ के भाग गये। नया बुकिंग अपडेट अयप्पा नगर का मिला जिसमें जगह को चिन्हित करके प्लाट के रूप में बेचा जा रहा था।

जिला कलेक्टर व आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव का स्पष्ट निर्देश है कि मकान या दुकान के लिए प्लाट खरीदने से पहले उसका राजस्व विभाग से सत्यता की जानकारी अवश्य कर लें। नगर निगम भिलाई बार बार अवैध प्लाट पर कार्यवाही करते हुए अपील कर रही है की प्लाट खरीदते समय सावधानी बरते। बिल्डिंग परमिशन आफिसर हिमांशु देशमुख ने कहा कि प्लाट खरीदने से पहले ध्यान देने योग्य बाते नगर पालिक निगम भिलाई के भवन अनुज्ञा शाखा, राजस्व विभाग के हल्का पटवारी के पास या टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिग विभाग जा करके सत्यापन करा लें की यह प्लाट मकान या दुकान बनाने लायक है या नहीं।

उन्होंने बताया कि केवल रजिस्ट्री करा लेना ही सब कुछ नहीं है। मकान के लिए रोड नाली, पानी, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओ की आवश्यकता पड़ती है प्लाट खरीद लेने के बाद हितग्राही मकान, दुकान बनवाने के लिए नगर निगम भिलाई से भवन अनुज्ञा विभाग में आवेदन करने पर जब उन्हे ज्ञात होता है की उनका प्लाट अवैध है टाउन इन कन्ट्री प्लानिग से अप्रूवल नहीं है मकान या दुकान बनाने का परमिशन नहीं मिल सकता है तब उन्हे हताशा होती है। कार्यवाही के दौरान कोई भी प्लाट विक्रेता स्थल पर उपस्थित नहीं रहता। जब प्लाट खरीदने वाले को पता चलता है कि उनके प्लाट निगम कार्रवाई कर रही है, तब वह रजिस्ट्री लेके उपस्थित होता है। लेकिन जब उसे पता चलता है कि अवैध प्लाट की रजिस्ट्री कराई है तो उसने काफी निराशा होती है।

# शैक्षणिक सत्र में बदलाव जरूरी!

श्रीकंचनपथ




ग्रीष्म ऋतु की तपिश अपने चरम पर है। स्वास्थ्य विभाग लगातार एडवाइजरी जारी कर रहा है। सेहत पर तापमान के असर से लेकर पराबैंगनी किरणों के खतरों से लोगों को आगाह किया जा रहा है। बिना जरूरी काम के घर से नहीं निकलने की सलाह भी दी जा रही है। गर्मियों के कारण इस साल अब तक देश में 60 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। लाखों की संख्या में लोग बीमार हैं या फिर स्वास्थ्यगत परेशानियों से जूझ रहे हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनपर इन बातों का कोई असर नहीं होता। न तो उन्हें स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी से कोई मतलब है और न ही किसी इंसान की मुश्किलों से। एक तरफ धरती पर भगवान के रूप में पूजे जाने वाले कथावाचक मोक्ष का पता बता रहे हैं। दूसरी तरफ इनके पंडालों में लोग बेहोश हो रहे हैं, मर रहे हैं। पर जहां आस्था का स्थान विज्ञान से ऊपर हो, वहां इन बातों से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। कोई भी संस्था ऐसे आयोजनों का विरोध करने का रिस्क नहीं ले सकती। मजे की बात तो यह है कि लोगों को गर्मियों में सावधान रहने की सलाह देने वाले मीडिया हाउस भी नौतपा का मजाक उड़ाते नजर आते हैं। एक मीडिया हाउस ने स्कूल-कालेजों के प्रचार-प्रसार के लिए बीच नौतपा में मेले का आयोजन किया। वहीं ट्रैफिक पुलिस के एक कर्मचारी ने लू की वजह से दम तोड़ दिया। कार्यस्थल पर गर्मियों का सामना करना जरूरी हो सकता है पर केवल अपना धंधा चमकाने के लिए लोगों को मौत के मुंह में धकेलना कहां तक जायज है? सबसे ज्यादा अखरता है स्कूल-कालेजों का शैक्षणिक सत्र। बच्चों को गर्मियों से बचाने के लिए बोर्ड परीक्षाएं अब गर्मियों से पहले खत्म कर ली जाती हैं। पर असली कवायद इसके बाद शुरू होती है। 12वीं बोर्ड की परीक्षा के बाद विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षाएं शुरू होती हैं। इसके साथ ही विद्यार्थियों एवं उनके पालकों की भागदौड़ शुरू हो जाती है। यही समय महाविद्यालयों में प्रवेश का भी होता है। यह साल तो खास तौर पर उन लोगों पर भारी गुजर रहा है जिन्हें दूसरे शहरों की यात्रा करनी पड़ रही है। रेलों की बदहाली ने उनकी समस्या को कई गुना बढ़ा दिया है। सरकार चाहे तो इस मुसीबत को कम किया जा सकता है। पहले पश्चिम बंगाल सहित कुछ राज्यों में शिक्षा के लिए कैलेण्डर ईयर (जनवरी से दिसम्बर) का उपयोग किया जाता था। वार्षिक परीक्षाएं नवम्बर-दिसम्बर में होती थीं। इसके बाद शीतकालीन छुट्टियां लगती थीं। नया सत्र जनवरी से प्रारंभ होता था। पर देशभर में शिक्षा को एक रूप देने के लिए शैक्षणिक सत्र को परिभाषित कर दिया गया। यह स्कूल कालेज सब पर लागू हो गया। इसके साथ ही मार्च-अप्रैल में परीक्षा का पैटर्न भी पूरे देश में स्थापित हो गया। क्या शैक्षणिक सत्र में बदलाव नहीं किया जा सकता?




## संपादकीय

# पीएम मोदी के मौन से भी डरता है विपक्ष

देश का विपक्ष पूरे चुनाव में यही प्रचार करता रहा कि पीएम मोदी विपक्ष से डरते हैं, इसलिए उसकी आवाज को हर तरह दबाने का प्रयास करते हैं। ईडी,आईटी का उपयोग कर उनके खिलाफ मामला बनाया जाता है, उनको गिरफ्तार कराया जाता है। उनको जेल भेज दिया जाता है, उनकी जमानत नहीं होने दी जाती है।

इस मजबूत छबि के कारण ही विपक्ष दो चुनाव हार चुका है,वह नहीं चाहता है कि इस मजबूत नेता की छवि के कारण उसे तीसरी बार भी हार का सामना करना पड़े। हकीकत में पीएम मोदी की मजबूत व ईमानदार नेता की छवि से विपक्ष दस साल से डरता रहा है और आज जब चुनाव प्रचार समाप्त हो चुका है, तो भी विपक्ष का मोदी से डरना जारी है। जब पीएम मोदी रोज बोलते हैं, दिन में कई बार बोलते हैं,सभा में बोलते है, इंटरव्यू में बोलते हैं तब विपक्ष के नेता पीएम मोदी से डरें तो समझ में आता है। पीएम मोदी जब कुछ नहीं कह रहें तो उनके मौन से भी विपक्ष का डरना साफ कर देता है कि विपक्ष ही मोदी से हमेशा डरता रहा है, जब तक हैं, तब तक डरता रहेगा क्योकि वह पीएम मोदी का कई क्षेत्रों में कोई मुकाबला ही नहीं कर सकता।

> “पीएम ने कोई अच्छा काम भी किया,कोई अच्छी बात भी कही तो विपक्ष ने यही साबित करने का प्रयास किया मोदी उनसे डरते है इसलिए ऐसा कर रहे हैं इसलिए ऐसा कह रहे हैं। इसकी असल वजह यह है कि पीएम मोदी भारत ही नहीं पूरे विश्व में एक मजबूत व ईमानदार नेता के रूप में जाने जाते हैं और उनकी यह छवि उनके भारत व विश्व में किए गए काम व बयान के आधार पर बनी है।

जब भी पीएम मोदी खांटी हिंदू नेता के रूप में कोई काम करते हैं, देश के किसी आध्यात्मिक स्थल जाते हैं तो उनका मकसद अपना प्रचार करना नहीं होता है। उस स्थल के बारे में देश के लोगों को बताना भी होता है कि यह स्थल इस देस में दिव्य है, अद्भुत है, अलौकिक है। यहां आकर इसे अनुभव किया जा सकता है। फिर एक बार पीएम मोदी ने ऐसा ही किया है, लोकसभा चुनाव के सातवें चरण का प्रचार थमने के बाद उन्होंने फैसला किया है कि वह पंजाब के होशियारपुर से सीधे तमिलनाडू के कन्याकुमारी पहुंच जाएंगे और समुद्र तट से पांच सौ मीटर भीतर विवेकानंद राक पर 30 मई से 1 जून तक ध्यान में रहेंगे। इस दौरान वह किसी से कुछ कहने वाले नहीं है, वह 48 घंटे मौन रहेंगे। तो भी विपक्ष उनके 48 घंटे के मौन से भी डर रहा है। दुनिया में ऐसा विपक्ष शायद ही कहीं हो जो एक मजबूत व ईमानदार नेता के मौन से भी इतना डरता हो।

मोदी भी जानते हैं और विपक्ष भी जानता है कि वह जब मौन हो जाते हैं तो उनका मौन भी बहुत कुछ बोलता है, उनकी मौन की भाषा को पूरा देश अच्छे से समझता है, वह जो बात बोलकर समझा सकते हैं, वह कई बार उसी बात को देश को मौन रहकर भी समझा सकते हैं। देश का विपक्ष मोदी से इस बोलते हुए मौन से डरा हुआ है कि वह पता नहीं चुप रहकर देश की जनता को कितना प्रभावित कर जाएं। पीएम मोदी कई बार इतने योजनाबध्द तरीके से काम करते है कि विपक्ष उनका कुछ बिगाड़ नहीं पाता है बल्कि मीडिया से ज्यादा प्रचार वह खुद मोदी का करता है। विवेकानंद राक पर देश का हर आदमी कभी भी जाकर ध्यान लगा सकता है। पीएम मोदी भी कर सकते हैं इस पर कोई रोक थोड़ी न है। चुनाव आयोग भी इस पर रोक नहीं लगा सकता। क्योंकि यह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन तो है ही नहीं। पीएम मोदी विवेकानंद राक कुछ कहने तो जा नहीं रहे हैं,वह तो ध्यान लगाने जा रहे हैं, देश के लोगों को बताने जा रहे है कि देश में ऐसी भी एक जगह जहां जाकर ध्यान लगाया जा सकता है और अलौकिक अनुभव किया जा सकता है। इससे पहले पीएम मोदी केदारनाथ की गुफा में 17 घंटे का ध्यान लगाया था, तब भी तो वह चार राज्यों का चुनाव प्रचार समाप्त होने पर केदारनाथ गए थे। तब भी विपक्ष ने इसका इसी तरह विरोध किया था कि इसका प्रसारण टीवी पर नहीं किया जाना चाहिए।तब टीवी पर इसको दिखाया गया था यानी इस बार भी पीएम मोदी के 24 घंटे के ध्यान को दिखाया जाएगा, विपक्ष के विरोध के बाद भी दिखाया जाएगा क्योंकि विपक्ष को यह विरोध ही गलत है।

विपक्ष का कोई नेता भी इसी दिन कहीं ध्यान लगाने जाएगा तो मीडिया उसे भी तो दिखाएगा तो विपक्ष को ऐसा करने से किसी ने तो रोका नहीं है। विपक्ष के सबसे बड़ खटाखट नेता राहुल गांधी भी कही जाकर ध्यान लगा सकते है। लेकिन राहुल गांधी सहित विपक्ष को कोई नेता ऐसा करने की हिम्मत ही नहीं कर सकता क्योंकि उनके ऐसा कर पर देश को यह स्वाभाविक नहीं लगेगा, देश उन पर हंसेगा,सबस बड़ी बात विपक्ष के ने ऐसा किया तो उनका वोट बैंक नाराज हो जाएगा। पीएम मोदी व विपक्ष के नेताओं में यह बहुत बड़ा अंतर है कि पीएम मोदी को अच्छा काम करके मीडिया में छा जाना आता है। विपक्ष को यही नहीं आता है, इसलिए वह चाहता है कि पीएम मोदी को भी ऐसा न करने दिया जाए।

नजरिया

# दक्षिण अफ्रीका में भी चुनावी जनादेश का इंतजार

*जब भारत में चुनाव समापन की ओर बढ़ चला है, तब दक्षिण अफ्रीका में भी चुनाव पूरा होने वाला है। यहां 4 जून को नतीजे आएंगे और वहां 2 जून को। दक्षिण अफ्रीका में 30 साल पहले अमानवीय रंगभेद को खत्म करने में नेल्सन मंडेला की अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की खास भूमिका थी।*

विवेक शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार



एएनसी तभी से सत्ता पर काबिज है। उसे वहां बसे हुए लगभग 16 लाख भारतवंशियों का भी साथ मिलता रहा है। वैसे, इस बार आशंका है कि 1994 के बाद पहली बार एएनसी बहुमत से दूर रह सकती है। वहां मिली-जुली सरकार बन सकती है। वर्तमान सरकार से वहां के भारतवंशी भी नाखुश हैं।

दक्षिण अफ्रीका में गोरों के शासन के अंत के बाद यह देश में सातवां आम चुनाव है। करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुन रहे हैं। अगर एएनसी को चुनावों में 50 फीसद से कम वोट मिले, तो पार्टी को गठबंधन सरकार बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उस हालत में एएनसी के नेता और राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को मिली-जुली सरकार बनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। बताते चलें कि रामाफोसा 2019 में भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। एएनसी ने 2018 में बदनाम राष्ट्रपति जैकब जुमा को हटाकर रामाफोसा को देश का राष्ट्रपति बनाया था। जैकब जुमा पर 2009 और 2018 के बीच राष्ट्रपति पद पर रहते भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। जुमा पर यह भी आरोप लगा था कि उन्होंने भारत के उद्योगपति 'गुप्ता ब्रदर्स' (अनिल और अजय) को खूब लाभ पहुंचाया। उत्तराखंड पुलिस ने बीते दिनों एक बड़े बिल्डर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गुप्ता ब्रदर्स को गिरफ्तार किया था। बेशक, एएनसी से अवाम की नाराजगी की मुख्य वजह जुमा का कुशासन था। चूंकि जुमा गुप्ता ब्रदर्स के संरक्षक माने जाते थे, इस कारण 2021 में दक्षिण अफ्रीका में भारतवंशियों पर हमले भी हुए थे। जैकब जुमा की गिरफ्तारी के बाद वहां हालात बिगड़ गए थे। भारतीय मूल के नागरिकों को जोहानिसबर्ग और क्वाजुलु नटाल में निशाना बनाया गया था।

तभी से वहां के भारतवंशी अपनी सरकार से नाराज हैं। हालांकि, एक दौर में एएनसी के प्रति भारतवंशियों के मन में गहरा प्रेम था और इसकी बड़ी वजह नेल्सन मंडेला थे। वैसे, एएनसी को 2019 के आम चुनाव में पहली बार झटका लगा था, तब पार्टी को 57.50 फीसद वोट मिले थे। इस बार वोट में गिरावट की आशंका है।

आज दक्षिण अफ्रीका हत्या के मामले बीते 20 साल के उच्च स्तर पर है; देश में लगभग हर 20 मिनट में एक व्यक्ति का कत्ल होता है। बेरोजगारी, बिजली व जल संकट के स्थायी हल न खोज पाने के कारण जनता एएनसी से दूर हो रही है। बहरहाल, देश की मुख्य विपक्षी पार्टी, सेंट्रिस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) का नेतृत्व जॉन स्टीनहुइसन करते हैं और इसे कई लोग गोरे दक्षिण अफ्रीकियों की पार्टी मानते हैं। इस चुनाव के लिए डीए ने छोटी विपक्षी पार्टियों के साथ मिलकर एक गठबंधन बनाया है। यह गठबंधन सत्ता में आ सकता है। वैसे डीए जरूरत पड़ने पर एएनसी के साथ भी जा सकता है और एएनसी भी डीए की मदद ले सकती है। एक अन्य दल इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) भी एएनसी के साथ खड़ा हो सकता है। ईएफएफ एक वामपंथी पार्टी है, जिसका नेतृत्व जूलियस मालेमा कर रहे हैं।

भारतीय मूल के कुछ नेता भी वहां चुनाव मैदान में हैं। इनमें पैट्रिक पिल्ले शामिल हैं, जिन्होंने डेमोक्रेटिक लिबरल कांग्रेस (डीएलसी) नाम से पार्टी बनाई है। डीएलसी ने भारतीय मूल के 10 उम्मीदवार उतारे हैं। एस सिंह विपक्षी पार्टी डीए के प्रत्याशी हैं। भारतीय मूल के तीन प्रत्याशी- फसीहा हसन, मागेश्वरी गोवेंदर और शाएक इमरान सुब्रथी एएनसी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा भी कुछ भारतवंशी निर्दलीय भाग्य आजमा रहे हैं। भारतवंशियों के वहां ज्यादा संख्या में जीतने पर जाहिर है उनकी समस्याओं का समाधान होगा। दोनों देशों के बीच संबंध पुराना है और प्रगाढ़ता बढ़नी चाहिए। दोनों के बीच व्यापार भी 10 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। दोनों लोकतांत्रिक देशों में बेहतर सरकार और परस्पर संबंध विस्तार होना चाहिए, पर फिलहाल दोनों को चुनावी नतीजों का इंतजार है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# गलती का खामियाजा तो सबको भुगतना पड़ता है

सुनील दास



सातवें आसमान पर पारा, रिकार्ड गर्मी, पारा पहुंचा 47 पार,प्रदेश में भीषण गर्मी,गर्मी ने दिखाया रौद्र रूप, आसमान से आग बरस रही है। यह ऐसे वाक्य हैं, जो आजकल पढ़ने व सुनने को मिलते हैं। इन दिनों गर्मी वाकई बहुत बढ़ गई है क्या। कुछ लोग कह सकते हैं कि हां भई, हां गर्मी वाकई बहुत बढ़ गई है। पुरानी पीढ़ी के अनुभवी लोग कह सकते हैं,गर्मी तो उतनी ही पड़ रही है जितनी हमेशा पड़ती है। मई जून में पारा हर साल 45 से ऊपर तो जाता ही है, इसमें नई बात क्या है,परेशान होने वाली बात क्या है। पुरानी पीढ़ी के लोग कह सकते हैं कि नई पीढ़ी को इन दिनों होने वाली गर्मी का एहसास ज्यादा होता है क्योंकि पंखा,कूलर व एसी की आदी पीढ़ी को पारा 40 से ऊपर जाते ही गर्मी कुछ ज्यादा ही लगने लगती है। वह गर्मी सहन करने के आदी नही हैं। उनकी गर्मी सहने की क्षमता पुरानी पीढ़ी की तुलना में कम हो गई है।

गर्मी ज्यादा लगने की एक वजह तो आदमी की गर्मी सहन करने की क्षमता का कम हो जाना है। दूसरी वजह यह है कि सुख सुविधा में जीने के लिए लोगों ने सोचा नहीं कि इसकी वजह से आने वाला पीढ़ियों का क्या परेशानी हो सकती है। जैसे हर कोई पक्का मकान चाहता है लेकिन वह यह सोच नहीं पाता है कि पूरा शहर ही क्रंक्रीट का जंगल हो जाएगा तो उसमें रहना कितना मुश्किल होगा। पूरे शहर में पक्के मकानों के कारण शहर का तापमान बढ़ता है यह हम सोच नहीं पाते हैं, पक्के मकान धूप में देर से गर्म होते है तो उससे घर के आसपास की हवा भी गरम होती है, पक्का मकान देर तक गर्म रहता है। ऐसे मकान में बिना कूलर, पंखा व एसी के रहना मुश्किल होता है।

घर से बाहर निकलो तो शहर की सडकें तो चौड़ी हो गई है, डामरवाली हो गई है लेकिन सड़क किनारे अब दूर तक पेड़ नही दिखाई देते है। चौड़ी सड़कों के कारण शहर के भीतर जो सैकड़ा व हजारों पेड़ थे, वे काट दिए गए। इससे चौड़ी सड़क पर दूर तक छांव नहीं मिलती है। सड़क किनारे पेड़ पौधे न होने से सड़क भी धूप में गर्म होती है और उससे शहर की हवा भी गर्म होती है। यानी लोग अपने घर से बाहर निकलते है तो तेज धूप, गर्म हवा का सामना करना पड़ता है। जो लोग एसी वाली कार मे सड़कों पर निकलते हैं, उनको भले ही गर्मी का एहसास न हो लेकिन दोपहिया पर चलने वाले को होता है, चाहे कार वाला हो या बाइक वाला वह जब सड़क पर चलता है तो शायद ही यह सोचता है कि इस गर्म शहर में गर्म हवा के लिए वह खुद भी दोषी है।

किसी भी शहर में हजारों पक्के मकान हों, हजारों किमी पक्की चौड़ी सड़कें हो, लाखों वाहन हो तो वह शहर गर्म तो रहेगा ही क्योंकि चाहे पक्का मकान हो,पक्की सड़क हो या कोई भी वाहन हो वह तो शहर की हवा को गर्म करता ही है। एक तो हमारी गर्मी सहने की क्षमता कम हो गई और उस पर शहर की हवा गर्म होती जा रही है। परेशानी तो होगी है, गलती का खामियाजा तो सबको भुगतना पड़ेगा ही। जैस हमारे शरीर का तापमान संतुलित करने का एक कुलिंग सिस्टम होता है। इससे गर्मी में शरीह पसीना निकलने के कारण ठंड़ा रहता है। यह कुलिंग सिस्टम बिगड़ जाता है तो आदमी को लू लग जाती है।

हम सोच नहीं पाते हैं कि शहर में अब ज्यादा गर्मी लग रही है तो इसका एक कारण यह भी तो हो ससता है कि हमने शहर के कुलिंग सिंस्टम तो बनाए रखने कोई सामूहिक प्रयास नहीं किया। हमारा शहर है तो इस शहर को कुलिंग सिस्टम को बचाए व बनाए रखाना हमारी जिम्मेदारी है। हमने यह जिम्मेदारी नहीं निभाई। हमें पक्के मकान, पक्की सड़कें, महंगे वाहन तो मिल गए हैं लेकिन इससे हमारे शहर का कुलिंग सिस्टम ही बिगड़ गया है। कौन नहीं जानता है कि शहर के तापमान को कम करने का काम पेड़ पौधे करते हैं। पेड़े पौधे ही किसी शहर का कुलिंग सिस्टम होते हैं। जहां यह बड़ी संख्या में होते है, साममान को कम करने का काम करते हैं जहां यह नहीं होते हैं, वहां तापमान ज्यादा रहता है। कांक्रीट के जंगल में भयंकर गर्मी कहीं न कहीं हमारी गलती के कारण है इसलिए हमको हमारी गलती का खामियाजा तो भयंकर गर्मी के बीच रहकर भुगतना ही पड़ेगा।

**(ये लेखक के विचार हैं)**

# 294 सीटों के साथ बीजेपी की वापसी कई युवा चेहरों को मिलेगा मौका

अतुल मलिकराम (राजनीतिक रणनीतिकार)




भारतीय लोकतंत्र के महापर्व के तहत 18वीं लोकसभा चुनावों के परिणामों में अब कुछ ही दिन शेष हैं। 4 जून को ईवीएम में बंद पार्टियों की किस्मत का फैसला हो जाएगा। जहां एक तरफ बीजेपी से खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 370 सीटों पर जीत का दावा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का आश्वासन दे रहे हैं। हालांकि, जमीनी परिस्थितियों को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि बीजेपी एक बार फिर सत्ता संभालने के लिए तैयार है। मेरा अनुमान है कि बीजेपी इस बार 2014 की 282 और 2019 की 303 सीटों के बीच 294 सीटें जीतकर सरकार बनाने में सफल हो सकती है। सीटों का यह आंकड़ा कुछ राजनीतिक जानकारों को चौंका सकता है।

इसके अलावा मोदी 3.0 में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। मेरा मानना है कि पीएम मोदी की अगुवाई में बीजेपी शासन में इस बार पढ़े-लिखे, तेज-तर्रार और युवाओं में लोकप्रिय नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने की पूरी संभावना है। इन नेताओं में तमिलनाडु बीजेपी प्रमुख अन्नामलाई, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल, स्वर्गीय सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज, महाराष्ट्र की अमरावती सीट से लोकप्रिय व चर्चित नेत्री नवनीत कौर राणा और ओवैसी के खिलाफ अपनी दावेदारी पेश कर रहीं माधवी लता के नाम प्रमुख हैं।

हालांकि लगभग सभी परिस्थितियां बीजेपी के पक्ष में होने के बावजूद पीएम मोदी का तीसरा कार्यकाल चुनौतीपूर्ण होगा। सबसे बड़ी और अहम चुनौती खुद उनकी 75 वर्ष की आयु होगी, जिसका अलिखित फरमान खुद उनकी ही पार्टी द्वारा घोषित किया गया है। भले पार्टी के दृष्टिकोण से देश को मोदी की अगुवाई की जरुरत हो लेकिन खुद पीएम मोदी के लिए अपने ही बनाए नियम को ताक पर रखकर, पद पर बने रहने का बोझ होगा। दूसरा, लगातार नए चेहरों को आगे बढ़ाने और विरोधी दलों के बागियों को जरुरी कमान सौंपे जाने का विषय, पार्टी में बगावत के सुर तेज करेगा। यह दो ऐसी प्रमुख चुनौतियाँ होंगी, जिससे पार पाना बीजेपी और पीएम मोदी, दोनों के लिए सबसे कठिन साबित होगा।

**(ये लेखक के विचार हैं)**

# झुलसाती हवाओं का बढ़ता इलाका

केजे रमेश, पूर्व महानिदेशक, भारतीय मौसम विभाग



पहले झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल, महाराष्ट्र जैसे राज्य ही लू की चपेट में आते थे, पर अब तेलंगाना, उत्तरी कर्नाटक जैसे इलाके भी मार्च-अप्रैल से ही तपने लगे हैं। हर साल मई के आखिरी पखवाड़े से लेकर जून के अंत तक, जब तक मानसून गंगा के मैदानी इलाकों में नहीं आ जाता, उत्तर भारत में गरमी सामान्य मौसमी परिघटना है। इन दिनों दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, बिहार, झारखंड, बंगाल जैसे तमाम राज्य तपते रहते हैं। यह मानसून में तेजी लाने के लिए आवश्यक भी माना जाता है, क्योंकि गरमी जितनी तेज होती है, अरब सागर से उतना ही मजबूत मानसून भारत को भिगोता है। मगर अब जरूरत से अधिक गरमी पड़ने लगी है और तापमान 50 डिग्री के पार जाने लगा है। भारत के कई शहर तो पहले से अधिक गरम हो चले हैं। आखिर क्यों?

दरअसल, इसकी बड़ी वजह जलवायु में लगातार हो रहा बदलाव है। जलवायु परिवर्तन के कारण अब हर मौसम पिछला रिकॉर्ड तोड़ता नजर आता है। इसी साल जनवरी पिछले वर्ष के जनवरी माह से अधिक गरम था। फरवरी, मार्च या अप्रैल महीने की भी यही कहानी रही। स्थिति यह है कि वैश्विक गरमी 1.2 डिग्री सेल्सियस तापमान की सीमा को पार कर चुकी है, जबकि समुद्र तटों के किनारे के देश साल 2100 तक वैश्विक गरमी को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोकने के हिमायती हैं। पेरिस समझौते में भी वैश्विक तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 2 डिग्री सेल्सियस कम करने पर सहमति बनी थी, लेकिन नतीजा अब भी सिफर ही दिख रहा है।

जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) का कहना है कि जब तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होती है, तो हीट वेव की आवृत्ति (आने की दर), समय और प्रभाव में कम से कम दोगुना का इजाफा होता है। यही कारण है कि हाल के वर्षों में हीट वेव आने की दर बढ़ गई है। पहले झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल, महाराष्ट्र जैसे राज्य ही इसकी चपेट में आते थे, लेकिन अब तेलंगाना, उत्तरी कर्नाटक जैसे इलाके भी मार्च-अप्रैल से ही बेहिसाब गरमी झेलने को मजबूर हैं। सरकारों ने तो पहले से ही इससे लड़ने की तैयारियां शुरू कर दी थीं।

बहरहाल, तापमान का बढ़ना और गरमी की तपन महसूस करना, दोनों अलग चीजे हैं। आपने खबरों में भी देखा होगा कि कहीं तापमान तो कम होता है, लेकिन गरमी अधिक महसूस होती है। यह काफी हद तक नमी पर निर्भर करता है। यदि वातावरण में नमी कम हो, तो शुष्क, यानी सूखी गरमी पड़ती है, जिसमें कूलर, पंखा आदि से राहत मिल जाती है। मगर जब तापमान के साथ नमी भी होती है, तो हमारे शरीर से काफी ज्यादा पसीना निकलने लगता है और 35-36 डिग्री सेल्सियस तापमान भी 40 डिग्री के समान महसूस होने लगता है। ऐसी उमस में एयर कंडिशनर ही कारगर साबित होता है। उल्लेखनीय है कि तापमान मापने का तरीका बिल्कुल सामान्य है। शहर की कुछ जगहों पर इसकी मशीनें लगाई जाती हैं, जिनमें थर्मामीटर की तरह तापमान मापने वाला यंत्र होता है। वही हवा की गति भी माप लेता है।

अभी विशेषकर उत्तर भारत में तापमान में जो उछाल दिखने को मिल रहा है, उसमें जल्द ही कुछ राहत मिल सकती है। अगले तीन-चार दिनों में जम्मू-कश्मीर में पश्चिमी विक्षोभ आ सकता है। दिल्ली-एनसीआर के कुछ इलाकों में तो बुधवार की शाम हल्की बारिश भी हुई। इस विक्षोभ से राजस्थान को छोड़कर शेष मैदानी इलाकों में कुछ राहत मिल सकती है। हालांकि, इसका असर भी तीन-चार दिनों तक ही रहेगा, फिर सूरज पहले की तरह आग बरसाने लगेगा। यह स्थिति कमोबेश मानसून आने तक बनी रहेगी।

बढ़ती गरमी मानव स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचाती है। जिस तरह 98.5 फारेनहाइट तापमान के बाद शरीर में हलचल तेज हो जाती है, उसी तरह 37 डिग्री से अधिक का तापमान शरीर को बेचैन कर सकता है। इसके बाद मुख्यत: बेहतर प्रतिरोधक क्षमता ही गरमी का मुकाबला करती है। चूंकि बच्चे और बुजुर्गों में यह क्षमता कम होती है, इसलिए उनके साथ-साथ उन लोगों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है, जो पहले से बीमार होते हैं। हालांकि, सावधानी सामान्य आदमी को भी रखनी चाहिए, क्योंकि जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला जाता है, तो शरीर में पानी घटने लगता है और शारीरिक क्षमता घटकर आधी रह जाती है। यही कारण है कि गरमी के महीने में पानी अधिकाधिक पीने और मौसमी फलों का सेवन करने को कहा जाता है। नारियल, खीरा, तरबूज, ककड़ी, खरबूजा जैसे फल शरीर में पानी की कमी को पूरा करने में सक्षम होते हैं।

एक यह सावधानी भी बरतने को कहा जाता है कि सुबह 11 बजे से लेकर शाम चार बजे तक धूप के 'एक्सपोजर' से बचना चाहिए। महानगरों व बड़े शहरों में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) तमाम तरह के दिशा-निर्देश लागू करता है। जैसे, इस बार अस्पतालों को अपने 100 बेड लू के शिकार लोगों के लिए खाली रखने के निर्देश दिए जा चुके हैं। बच्चों के वार्ड अस्पताल के शीर्ष तल पर न रखने के निर्देश भी हैं, क्योंकि तेलंगाना में 2017 में कई नवजातों की हुई मौत के बाद अध्ययन में यही बात सामने आई थी कि संबंधित अस्पतालों ने नवजातों को शीर्ष तल पर रखा था, जहां गरमी तुलनात्मक रूप से अधिक थी।

इसी तरह, खुले में काम करने वाले श्रमिकों, निर्माण-कारीगरों, निगम कर्मचारी, सफाईकर्मियों, कूड़ा बीनने वालों आदि को अपना काम सुबह 10 बजे तक खत्म कर लेना चाहिए और 11 बजे से चार बजे तक खुले में काम करने से बचना चाहिए। उन कंपनियों में भी दिन में छुट्टी देने की व्यवस्था की जाती है, जहां की छत गरमी से बचने के लिए नाकाफी मानी जाती है।

सवाल है कि आखिर इस बढ़ते तापमान को रोकें कैसे? इसका एक समाधान वृक्षारोपण है। इसके लिए सरकारों को आगे आना होगा। शहर में जहां हरियाली है, वहां उसे बढ़ाने की व्यवस्था करनी होगी। पार्क में वृक्षों की सघनता बढ़ानी होगी और उनकी कटाई रोकनी होगी। तापमान कम करने के लिए पार्कों के अंदर की झीलों के आसपास भी हरियाली बढ़ानी चाहिए। बेंगलुरु, हैदराबाद में तो तापमान को नियंत्रित करने के लिए रिसाइकिल वाटर, यानी दूषित जल को इस्तेमाल के लायक बनाकर पार्कों में इस्तेमाल किया जा रहा है। जाहिर है, इस तरह के प्रयास तमाम जगहों पर करने होंगे। एक समग्र रणनीति ही बढ़ते तापमान की तपिश से हमारी सुरक्षा कर सकती है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### अधिकारी-कर्मचारियों को वीवीपैट मशीन एवं प्रपत्रों के सीलिंग का दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज मास्टर ट्रेनर डॉ. एम. एम. जोशी ने निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को गणना के पश्चात् वीवीपैट मशीनों एवं प्रपत्रों की सिलिंग का प्रशिक्षण दिया। डॉ. जोशी ने बताया कि वीवीपैट मशीनों के साइड में लगे एड्रेस टैगों को सावधानी से काटें। इसके पश्चात् वीवीपैट की समस्त पर्चियां निकालकर काले लिफाफे में रखे जाएं। प्रत्येक मतदान केंद्र के वीवीपैट मशीन की सारी पर्चियां काले लिफाफे में रखीं जाएं तथा लिफाफे को अच्छे से सील बंद करें। उन्होंने बताया कि सिलिंग का कार्य दो टीमें करेंगी जिसमें एक टीम वीवीपैट मशीनों को सील करेंगी व दूसरी टीम के द्वारा प्रपत्रों की सीलिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि गणना के पश्चात् वीवीपैट मशीनों से सावधानी पूर्वक बैटरी निकाली जाए तथा वीवीपैट मशीनों को सील किया जाए। इसके साथ ही सी.यू. को भी सील किया जाए। निर्वाचन संबंधी चार महत्वपूर्ण प्रपत्र - ईवीएम पेपर्स, स्क्रूटनी लिफाफे, परिणियत लिफाफे, अपरिणियत लिफाफे को सावधानी पूर्वक सील कर सुरक्षित रखा जाए। इस दौरान अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, एसडीएम श्रीकांत वर्मा, संयुक्त कलेक्टर मनोज बंजारे, डिप्टी कलेक्टर एवं विकास चौधरी व तुलाराम भारद्वाज सहित नायब तहसीलदार, एएसएलआर, पटवारी, कोटवार आदि उपस्थित थे।

### प्रगतिरत तालाबों के कार्य मानसून से पहले करें पूर्ण : महापौर

**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड 01 रामसागर तालाब वार्ड क्र-18 पथर्रीपारा तालाब, वार्ड क्र-33 रामपुर तालाब एवं वार्ड क 11 बनिया तालाब के विकास एवं संरक्षण कार्य हेतु 102.40 लाख की अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण निधि से निगम को स्वीकृति मिली थी, इसमें वार्ड क्र.01, 18 एवं 33 के तालाबों के प्रगतिरत कार्य का निरीक्षण नगर निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद द्वारा किया गया। वार्ड वासियों ने बताया कि तालाब के विकास का कार्य यदि जल्द से जल्द पूरा कर लिया जावेगा तो वहाँ के लोगों को इसका उपयोग करते बनेगा। निरीक्षण के दौरान उपस्थित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देश दिया गया कि उपरोक्त तीनों तालाबों के बचे हुए कार्य शीघ्रता शीघ्र पूरा करें ताकि वहां के निवासियों को निस्तारी के लिए इसका लाभ मिल सके। कार्य के दौरान कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु विशेष रूप से निर्देशित किया गया।

### बढ़ती गर्मी में राहगीरों को राहत देने चौक-चौराहों पर नगर निगम ने खोले अस्थाई प्याऊ

**कोरबा।** कोरबा जिले में भी बढ़ती गर्मी में राहगीरों, जरूरतमंदों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने सभी जोन के प्रमुख चौक-चौराहों पर अस्थाई प्याऊ स्थापित किए गए हैं, जहाँ पर आमजन को घड़े का ठंडा एवं शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में कोरबा जिले में भी भीषण गर्मी पड़ रही है तथा तापमान में बढोत्तरी देखी जा रही है, गर्मी के इस मौसम में राहगीरों, जरूरतमंदों व आमनागरिकों को ठंडा व शुद्ध पेयजल सुगमता के साथ मिल सके, इसके मद्देनजर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने सभी जोन के अंतर्गत प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों में अस्थाई प्याऊ स्थापित कराए गए हैं।

मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर भावुक हुए ग्रामीण, कवर्धा हादसे में मृतकों के परिजनों से मिलने गांव सेमरहा पहुंचे सीएम साय, कहा-

# आप हमें अपना समझें, संकट की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार आपके साथ खड़ी है

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कबीरधाम जिले के कुकदूर के ग्राम सेमरहा पहुंचे। जहां उन्होंने ग्राम बाहपानी में हुए दु:खद हादसे में मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर पीड़ित परिवार के लोग भावुक हो उठे और एक-एक कर अपने दु:ख को साझा किया। सीएम साय ने भी परिजनों से बातचीत कर उन्हें संबल प्रदान किया और संकट की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार के साथ खड़े रहने की बात कही।



सीएम साय ने परिजनों से कहा कि - आज का दिन बहुत ही दु:खद है। जो घटना घटी उसके लिए हम सब दु:खी हैं। घटना की सूचना मिलते ही मैंने गृहमंत्री विजय शर्मा से कहा कि आप जल्द से जल्द वहां पहुंचिए और वहां जो भी त्वरित मदद हो सके वह करिये। जिस पर गृहमंत्री रायपुर से तत्काल वहां पहुंचे और पीड़ित परिवारों व घायलों की आवश्यक मदद की। हमारे अधिकारी भी तुरंत मौके पर पहुंचे।

यहाँ की स्थानीय विधायक ने भी मुझे फ़ोन करके घटना की जानकारी दी। यह घटना वास्तव में दु:खद है और एक ही परिवार के दस सदस्यों का एक साथ चले जाना दु:ख के पहाड़ के समान है। दुर्घटना में गई जान की भरपाई कभी नहीं की जा सकती, हम लोग सांत्वना ही दे सकते हैं।

सीएम साय ने कहा कि संकट की इस घड़ी में हम सब आपके साथ हैं और छत्तीसगढ़ सरकार भी आपके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री होने के नाते सरकार की तरफ से हमनें पांच-पांच लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है, जो जल्द ही आप लोगों को दी जाएगी। यह अच्छी बात है कि पंडरिया विधायक ने मृतक परिवार के छोटे बच्चों के पढ़ाई का जिम्मा लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार मृतक परिवारों के हित के लिए जो कर सकती है उसे हम अवश्य करेंगे। भगवान से प्रार्थना है कि मृतकों की आत्मा को शांति और शोकाकुल परिजनों को इस दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

गौरतलब है कि विगत 20 मई को कबीरधाम जिले के कुकदूर के बाहपानी गांव में तेंदूपत्ता तोड़ने गए श्रमिकों से भरी पिकअप के पलटने से 19 लोगों की मौत हो गई थी और कई श्रमिक घायल हो गए थे। घटना के बाद मृतकों के परिजनों से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने फ़ोन पर बात की थी। आज श्री साय पीड़ित परिवारों से मिलने उनके गांव पहुंचे और उनके दु:ख में शामिल होकर उन्हें ढांढस बंधाया।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही सरकारः विजय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास के लिए प्रदेश की विष्णुदेव सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस शासन में सड़कों का निर्माण रुका पड़ा था। हमारी सरकार बनी तो मात्र 4 माह के अल्प समय में हमने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 11 सड़कों का निर्माण पूर्ण कर लिया है।



उल्लेखनीय है कि उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा गृह मंत्री और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री भी हैं, और पहली बार इन विभागों की समन्वित रणनीतिक कार्यशैली नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। उप-मुख्यमंत्री शर्मा का कहना है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण में सबसे बड़ी बाधा सुरक्षा को लेकर थी। इस दिशा में सबसे बड़ा प्रयास हमने यह किया कि इसके लिए योजना बनाकर अब संयुक्त बैठक प्रारंभ की है, जिसमें गृह विभाग और पंचायत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एक साथ बैठते हैं। इसमें एडीजी नक्सल विवेकानंद, आईजी एसआईबी ओपी पाल और पंचायत विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक रायपुर व दंतेवाड़ा में विभागों की संयुक्त बैठक लेकर सड़कें चिन्हित करते हैं, उन्हें सुरक्षा देते हैं और के.के. कटारे के नेतृत्व में निर्माण तेजी से पूर्ण कराते हैं।

संयुक्त बैठकों में अब तक कुल 85 सड़कों को चिन्हित किया गया है, जिसमें से 259.90 किलोमीटर की 40 सड़कों का निर्माण प्रगति पर है। यह सभी सड़कें दुर्गम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हैं। यह विकास की रफ्तार गांव तक पहुंचाने का एक अभिनव प्रयास है। यह विषय महत्वपूर्ण कि अबूझमाड़ जैसे दुर्गम क्षेत्र जहां आजादी के बाद आज तक शासन नहीं पहुंच पाया वहां सर्वे करके केंद्र सरकार की जनमन योजना के तहत 09 सड़क स्वीकृत की गई हैं, जिनमें 04 का निर्माण प्रारंभ हो चुका है। साथ ही 06 और सड़कों का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है। पुलिस बल की सुरक्षा में जिन 11 सड़कों का निर्माण पूर्ण किया गया है उनमें कांकेर, भानुप्रतापपुर और कोंडागांव जिला अंतर्गत एक-एक सड़क, दंतेवाड़ा जिले में 03 सड़क तथा सुकमा जिले में 05 सड़कें शामिल हैं।

## प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्राक्रयन परीक्षा 9 जून को

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** बरसात में बाढ़ की संभावना के मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 8 में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है, जिसका दूरभाष नंबर 07722-232249 है। आगामी एक जून से 31 अक्टूबर तक संचालित होने वाले इस नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख श्री जितेन्द्र कुमार डहरे को बनाया गया है। साथ ही यहां कर्मचारियों की ड्यूटी तीन पालियों में सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक, दोपहर 2 से रात 10 बजे तक और रात 10 से सुबह 6 बजे तक के लिए लगाई गई है। कलेक्टर ने कहा कि शेष कार्यदिवस में सबंधित कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में कार्य संपादन करेंगे।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ कार्यरत कर्मचारी को भारमुक्त करें। कलेक्टर ने नियंत्रण कक्ष शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्रयन परीक्षा आगामी 9 जून को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी।

## ट्रेन में अतिरिक्त कोच आज से चार जून तक उपलब्ध रहेगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । छत्तीसगढ़ से होकर चलने वाले वाली ट्रेनों में अतिरिक्त एसी-3 कोच सुविधा दी जा रही है। यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए रेलवे प्रशासन ने हावड़ा-पुणे-हावड़ा और हावड़ा-सीएसएमटी-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा दी है। इससे यात्रियों को यात्रा में सुविधा मिलेगी। ट्रेन में अतिरिक्त कोच 31 मई से चार जून तक उपलब्ध रहेगी।

रेलवे प्रशासन की ओर से यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा और यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 12262/12261 हावड़ा एसएमटी-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस और 12222/12221 हावड़ा-पुणे-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा



उपलब्ध कराई जा रही है।

### यहां देखें शेड्यूल

गाड़ी संख्या 12262 हावड़ा-सीएसएमटी में हावड़ा से 31 मई-तीन जून को और गाड़ी संख्या 12261 सीएसएमटी-हावड़ा में सीएसएमटी से दो और चार जून को उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 12222 हावड़ा-पुणे में हावड़ा से 30 मई-एक जून को और गाड़ी संख्या 12221 पुणे-हावड़ा में पुणे से एक और जून 2024 को उपलब्ध रहेगी।

## जेएमएम और कांग्रेस गठबंधन चोर-चोर मौसेरे भाई-विष्णुदेव साय

**रायपुर/दुमका (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने झारखंड में 3 जनसभाओं को संबोधित किया. उन्होंने साहिबगंज जिले के बरहेट, पाकुड़ जिले के अमरापाड़ा और दुमका जिले के शिकारीपाड़ा में सभा कर भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे. साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 7 मई को लोकसभा का चुनाव संपन्न हो चुका है और हम प्रदेश की सभी 11 की 11 सीटें जीतकर मोदी जी को दे रहे हैं. उन्होंने झारखंड की जनता से प्रदेश की सभी चौदह सीटें भाजपा को जिताकर पीएम मोदी को देने का आग्रह किया.



सीएम साय ने कहा कि झारखंड के लोगों को जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने खूब भरमाया. हमेशा यही भ्रम फैलाते हैं कि मोदी जी और भाजपा सरकार आई तो यहां के जल, जंगल, जमीन को लूट लेगी, जबकि पूरे झारखंडवासियों को पता है कि यहां के जमीन को लूटने वाला एक मात्र आदमी यहां के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं. झारखंड के लिए दुर्भाग्य की बात है कि आज यहां के पूर्व मुख्यमंत्री जमीन लूटने के मामले में, माइंस के लिए जमीन लेने के मामले में जेल में हैं., गठबंधन सरकार को घेरते हुए विष्णु देव साय ने कहा कि यहां की सरकार में मंत्री, कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के पीए के घर से करोड़ों रुपए निकलता है. कांग्रेस के एक सांसद धीरज कुमार के यहां छापा पड़ता है तो उसके यहां से तीन सौ इक्यावन करोड़ रूपए घर से निकलता है. ये सारा जनता का पैसा है. ये पैसा विकास में नहीं लग रहा है, ये पैसा सड़क, बिजली, पानी के लिए नहीं लग रहा है बल्कि उन्होंने अपने एशो-आराम के लिए रखा है, जो उनके घर से मिल रहा है. उन्होंने कांग्रेस और जेएमएम को चोर-चोर मौसेरे भाई बताते हुए जनता से उसे उखाड़ फेंकने की बात कही.

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम ने आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया। उसे केवल बंधुआ मजदूर समझा, वोट बैंक समझा। भाजपा ने आदिवासियों का भरपूर सम्मान किया, कर रही है और आगे भी करेगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल जी ने आदिवासियों के हित के लिए अलग से आदिम जाति कल्याण मंत्रालय बनाया, जहाँ आदिवासी मंत्री पदभार संभालते हैं और बजट की भी कोई कमी नहीं होती है। श्री साय ने कहा कि आज संथाल की एक आदिवासी परिवार की बेटी, बहन द्रौपदी मुर्मू जी देश की राष्ट्रपति हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का दायित्व नरेंद्र मोदी जी ने मुझे सौंपा है। इसलिए हम कह सकते हैं कि आदिवासियों का हित भाजपा में ही सम्भव है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए सीएम साय ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का चुनाव है। मोदी जी गरीब परिवार से आते हैं, इसलिए गरीबों की पीड़ा उन्हें पता है। मोदी जी 18 घंटे काम करते हैं।

# भोलेनाथ को 56 भोग की जरुरत नहीं मन कर्म सच्चे मन से एक लोटा जल चढ़ा दो-पंडित प्रदीप मिश्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अम्लेश्वर नगर में चल रहे शिव महापुराण के तीसरे दिवस कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा की शिव बिंदु है ज्योतिरबिंद के रूप में विराजमान है। इसी बिंदु में पूरा ब्रम्हांड समाया है जो श्रृष्टि की रक्षा करता है,पालन करता है संहार करता है। शिव पर केवल ह्रदय से समर्पण हो जाओ वह सब दे देंगे,भोलेनाथ को 56 भोग की जरूरत नहीं मन कर्म सच्चे मन से एक लोटा जल चढ़ा दो वे आपको छप्पन भोग खाने जैसे फल देगा, भक्तो के ह्रदय में भगवान भोले नाथ विराजते है।



मनुष्य का देह पाने के बाद भगवान को पहचान लिया तो वह शिव की उदारता है। कलयुग में किसी की रोटी बड़ी, छोटी हो सकती है, वाहन बड़े छोटे हो सकते है लोग अमीर गरीब हो सकते है।विचार अलग हो सकते है लेकिन भगवान शंभू का वात्सल्य सब के लिए समान है। कथा वाचक ने मां का उदाहरण देते हुए कहा की एक मां के चार पुत्र है वह मां सभी का लालन पालन एक समान करती है शिक्षा भी देती है पर उन चारों शिक्षा कितना ग्रहण करते है वह उनके विवेक पर निर्भर है।उसी तरह भोले नाथ भी अपनी करूणा उदारता सम्पूर्ण सृष्टि पर एक समान भाव से बहाते है। पंडित मिश्रा ने कहा की किसी को कम मिला किसी को ज्यादा मिला तो वह हमारे पूर्व जन्म का कर्म फल है जिसमे महादेव का कोई दोष नहीं है दोष है तो हमारे कर्मों का आज जो कर्म करेंगे उसके अनुसार ही हमे फल मिलेगा।

उन्होंने पूर्ण समर्पण एवम अधूरा समर्पण को विस्तार से समझाते हुए कहा की अपने मेहनत से कमाई गई वस्तु भगवान भोले पर अर्पण करते हो तो वह पूर्ण समर्पण है। यदि पड़ोसी के घर तोड़े गए फुल, किसी के द्वारा लाया गया जल को आप चढ़ाते हो तो वह अधूरा समर्पण है। जिसका फल भोले नाथ नहीं देते। श्री मिश्रा ने कहा की शंकर जी ने यदि भाग्य में लिख दिया है तो जरूर मिलेगा भाग्य से ज्यादा भी नहीं मिलेगा।

### जिसके भाग्य में लिखा था वही बना मुख्यमंत्री

उन्होंने दिसम्बर में संपन्न छत्तीसगढ़,राजस्थान,मध्यप्रदेश के चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा की कौन बनेगा मुखमंत्री की चर्चा चल रही लोग अनेक लोगो का नाम ले रहे थे लेकिन मुख्यमंत्री वही बना जिसके ललाट में भोले नाथ ने लिख दिया था। शिव महापुराण की कथा कराने वाले बहुत है लेकिन अम्लेश्वर में महा पुराण उसी ने कराई जिसके मस्तक में भगवान ने लिख दिया , कथा वाचक ने पशुपति नाथ व्रत के नियम पालन के भी तरीके बताए।

**चिट्ठियां भी पढ़ीः** बिलासपुर जिले के कोटा के ग्राम लारीवार के निवासी पूर्णिमा पति राम भरोसा का 21 साल बाद संतान होने का उल्लेख करते हुए कह की बच्चे दानी में खराबी थी पर सच्चे मन से पशु पति नाथ का पूजन किया तो आज उनके गोद में एक बालक खेल रहा है।

रायपुर के मालती संतोष सिन्हा के 2019 दो बच्चे काल कलवित हो गए डाक्टरों ने असंभव बताया था कथा स्थल में जगह नही मिलने पर सड़क में कथा सुनकर कथा स्थल की मिट्टी पेट में लगाई तो फिर से भगवान की कृपा से मां बन पाई।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### शराब दुकान का आकस्मिक निरीक्षण, चखना दुकानों से वसूला जुर्माना

**रायपुर ( ए. )।** नगर निगम का उडन् दस्ता गुरुवार को हीरापुर शराब भट्टी में सफई का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचा। इस दौरान 15 चखना दुकानों से घरेलू गैस सिलेंडर तत्काल जप्त करके उन्हें नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत जिला कलेक्टर परिसर स्थित जिला खाद्य शाखा भिजवाने की कार्यवाही की गयी। इसके साथ दुकान संचालकों को कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए 8000 रुपए जुर्माना वसूला गया।

### आईआईएम आयोजित चिंतन शिविर में मंत्रीगण सीखेंगे गुड गवर्नेस का पाठ

**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के मंत्री आज से आईआईएम रायपुर में आयोजित 'चिंतन शिविर' में भाग लेने जा रहे हैं। दो दिन के इस शिविर में देश के उच्च संस्थानों के विषय विशेषज्ञों का लेक्चर होगा। टाइम टेबल के मुताबिक 31 मई से 1 जून को आयोजित शिविर में राज्य के सभी मंत्री एक रात आईआईएम में ही रहेंगे। विष्णुदेव सरकार के मंत्री और विधायक प्रदेश में लोकसभा का चुनाव निपटने के बाद दूसरे प्रदेशों में चुनाव प्रचार में व्यस्त हो गए। उनकी यह व्यस्तता आज आखिरी चरण के प्रचार-प्रसार के साथ समाप्त हो गई। अब मतगणना से पूर्व के कुछ दिन फुर्सत के रहेंगे। इसे देखते हुए मंत्रियों को सरकार के कामकाज में कसावट लाने के लिए चिंतन शिविर का आयोजन 31 मई और 1 जून को भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) में किया जा रहा है, जिसके लिए टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है। दो दिन का ये प्रशिक्षण गुड गवर्नेंस के जरिये राज्य के विकास पर आधारित होगा। इस चिंतन शिविर के प्रारम्भ में रिटायर्ड आईएएस बीवीआर सुब्रमण्यम, सीईओ, नीति आयोग का लेक्कर होगा, जो विकसित छत्तीसगढ़ के 10 वर्षों के विजन के बारे में बताएंगे। इसके अलावा देश के कई जाने-माने विषय विशेषज्ञ सामाजिक क्षेत्र में स्वास्थ्य, अधोसंरचना, प्राकृतिक संसाधनों का कुशल उपयोग, खनन क्षेत्र में सुधार, प्रगतिशील अर्थव्यवस्था के लिए कुशल लोक वित्त प्रबंधन, टीम प्रबंधन के लिए अनुभवात्मक गतिविधि, सुशासन के लिए प्रौद्योगिकी एवं डेटा विश्लेषण, शासन सुधार एवं अभिसरण के माध्यम से परिवर्तन, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, शिक्षा, संचार एवं मीडिया प्रबंधन, जन कल्याण से सर्वोदय आदि विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

दुकानों के सामने लगे लगभग 115 अनाधिकृत बोर्ड गैस कटर से काटकर किए जब्त

# दो व्यवसायिक मार्ग में वाहनों की पार्किंग व ट्रैफिक जाम की स्थिति

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर शहर के व्यवसायिक मार्गों में स्थित दुकानों के सामने अनाधिकृत रूप से लगे विज्ञापन बोर्ड के कारण वाहनों की पार्किंग में असुविधा होने के साथ-साथ ट्रैफिक जाम की समस्या होती रही है। दुकान के बाहर फुटपाथ में लोहे के विज्ञापन बोर्ड स्थापित कर फुटपाथ के हिस्से को घेर कर रेस्टोरेंट संचालको द्वारा अपनी दुकान सीमा के बाहर ग्राहको के बैठने के लिए टेबल कुर्सी रखी जाती है।

दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर किये जा रहे कब्जें को रोकने तथा दुकानों के सामने पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर रायपुर, डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं आयुक्त नगर पालिक निगम




रायपुर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार शहर के दो व्यवसायिक मार्ग, रिंग रोड से कटोरा तालाब नेताजी होटल तक एवं जी.ई. रोड से गोल चैक होते हुए रिंग रोड तक मार्ग के दोनों ओर स्थित दुकानों के सामने लगे अनाधिकृत बोर्ड को गैस कटर की मदद से काट कर जब्त किये जाने की कार्यवाही की गई।

उपरोक्त दोनो मार्गों में स्थित दुकानों के बाहर फुटपाथ पर अत्यधिक संख्या में लोहे के फ्रेम से बने अनाधिकृत बोर्ड दुकान संचालकों द्वारा लगाये गये थें। पार्किंग के लिए दुकानों के सामने पर्याप्त स्थल नहीं होने के कारण ग्राहकों द्वारा अपनी गाडियां सड़क पर खड़ी की जा रही थी। जिससे इन मार्गों में प्रतिदिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। शहर के यातायात को बाधित कर रहे ऐसे दुकानदारों के विरूद्ध जोन क्रमांक 04, 05, 10 एवं नगर निवेश मुख्यालय के उड़नदस्ता द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई। इस दौरान जी.ई. रोड से गोल चैक होते हुए रिंग रोड जाने वाले मार्ग से लगभग 50 एवं रिंग रोड से कटोरा तालाब नेताजी होटल तक जाने वाले मार्ग सें लगभग 65 अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड को जब्त कर संबंधित जोन कार्यालयों में रख गया। यातायात को बाधित कर रहे दुकानो के सामने लगे अनाधिकृत बोर्ड के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई। जोन क्र. 04, 05, 10 एवं नगर निवेश मुख्यालय के संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शहर के समस्त व्यवसायिक मार्गों में पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहें दुकानों के सामने अनाधिकृत रूप से लगे विज्ञापन बोर्ड एवं दुकान के बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों के खिलाफ निरंतर कार्यवाही के निर्देश समस्त जोन कार्यालयों को दिये है।

# अनुविभागीय अधिकारी स्वयं गांव का दौरा कर बनाएं कार्ययोजना-गौरव सिंह

## बैठक में कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा बाढ़ से बचाव के लिए की तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर ( ए. )।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह जिले में बाढ़ से बचाव के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कुछ दिनों के भीतर मानसून आने की संभावना है। जिले की सभी तहसीलों और नगर निगम में बाढ़ के संभावित स्थानों को चिन्हित करें। सभी एसडीएम अपने राजस्व अमलों के साथ स्वयं तहसीलों का दौरा करें और ग्रामीणों से चर्चा कर आपदा राहत की कार्ययोजना बनाएं। गांव-नदीतट और में गोताखोरों की तैनाती रखें। साथ ही गांवों में कुछ युवाओं के समूहों को प्रशिक्षित करें जिससे वे बाढ़ जैसी आपदा का सामना करनें में सहयोग कर सकें।

डॉ. सिंह ने कहा कि बाढ़ से प्रभावितों के अभी से सुरक्षित स्थान ऐसे स्थल को चिन्हांकित करले और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि बाढ़ से सबसे अधिक मवेशी प्रभावित होते हैं। उनके लिए भी सुरक्षित स्थान रखें। साथ ही पशुओं को होने वाले संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए दवाईयों का इंतजाम कर लें। खाद्य विभाग उचित मूल्य की दुकानों में



राशन की उपलब्धता सुनिश्चित करें और यह भी जायजा लें कि बाजार में चना, चावल, आटा, गुड, दाल, नमक आदि खाद्य पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। ताकि आवश्यकता एवं समयानुसार उपलब्धता में विलंब ना हो। संभावित बाढ़ राहत सामग्रियों के पैकेट तैयार करने के लिए टीमों का गठन भी कर लिया जाए।

कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि पीएचई जिले में टंकी के सफई के लिए विशेष अभियान चलाएं और टंकी के सफाई के बाद उस पर सफाई की तिथि वर्णित करें। बाढ़ प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु परिवहन आदि से संबंधित व्यवस्थ पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाए। पेयजल की गुणवत्ता शुद्धता को सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त संख्या में क्लोरिन टेबलेट की व्यवस्था कर ली जाए। एवं बाढ़ प्रभावित पंचायतों में इन टेबलेट्स के उपयोग का प्रशिक्षण पीएचई के माध्यम से समय पर सुनिश्चित कर लिया जाए। चिकित्या विभाग अभी से बारिश के समय फैलने वाली महामारी जैसे डायरिया, मलेरिया, पीलिया आदि के लिए दवाईयों तथा टेस्ट किट इत्यादि की व्यवस्था पूर्व में कर लें। ताकि उस समय किसी प्रकार परेशानी का सामना ना करना पड़े। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि बाढ़ से पूर्व जिले की मुख्य सड़कों विशेषकर जिला मुख्यालय से ब्लॉक, तहसीलों, गांवों को जोडने वाली सड़कों की मरम्मत करा ली जाए। पुल-पुलिया की भी मरम्मत करके उन्हें यातायात के लिए सुगम बना लिया जाए।

नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि निगम के निचली बस्तियों और कुछ विशेष स्थानों मे जो बाढ़ के स्थिति निर्मित होने की संभावना रहती है। इन जगहों पर साफ-सफई की व्यवस्था कर ली जाए। ताकि पानी का जमाव ना हो। साथ ही स्वास्थ्य विभाग अपनी टीम को अलर्ट करें। उन्होंने बताया कि शहर के सभी प्रमुख नालों की सफाई तेजी से की जा रही है, ताकि डैनेज सिस्टम दुरूस्त रहें और बारिश के दौरान पानी का जमाव ना हो। नगर निगम को सारे जोन और स्वास्थ्य विभाग की टीम संभावित बीमारियों के रोकथाम के लिए कार्य करेंगे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप, सभी एडीएम एवं एसडीएम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# शिक्षा वर्किंग ग्रुप की हुई बैठक




**रायपुर ( ए. )।** राज्य नीति आयोग द्वारा अमृत काल विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने हेतु गुणवत्ता युक्त शिक्षा विषय पर गठित वर्किंग ग्रुप की प्रथम बैठक राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह की विशेष मौजूदगी में नीति भवन नवा रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में वर्किंग ग्रुप के सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। नीति आयोग के सदस्य डॉ. के. सुब्रमण्यम ने राज्य नीति आयोग द्वारा अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने हेतु गठित कार्य समूहों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए निर्धारित प्रमुख लक्ष्यों, प्रमुख चुनौतियों तथा विभागीय विजन संबंधी प्रस्तुतिकरण दिया गया। बैठक में सलाहकार डॉ. धीरेन्द्र तिवारी भी मौजूद थे।

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के संबंध में गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के सचिव डॉ. एस.भारतीदासन ने विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में भी विभागीय जानकारी के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को रखा। आयुक्त उच्च शिक्षा श्रीमती शारदा वर्मा ने उच्च शिक्षा विभाग की विभागीय गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में नीति आयोग के सदस्य सचिव अनूप श्रीवास्तव, संयुक्त संचालक डॉ. नीतू गौरडिया, संयुक्त संचालक वत्सला मिश्रा, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, छत्तीसगढ़ कौशल विकास प्राधिकरण, छग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, आईआईटी भिलाई, आईआईएम रायपुर, एनआईटी रायपुर सहित नीति आयोग के सलाहकार, संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

# उपादान भुगतान को लेकर फेडरेशन ऑफ एजुकेशन सोसायटी की बैठक संपन्न

## बाल आश्रम समिति सभागार में कार्यरत सभी जिलों से प्रतिनिधि हुए शामिल

**रायपुर ( ए. )।** उपादान भुगतान को लेकर फेडरेशन ऑफ एजुकेशन सोसायटी की बैठक राजधानी रायपुर में हुई। जिसमें कार्यरत सभी जिलों से प्रतिनिधि शामिल हुए। बाल आश्रम समिति के सभागार में हुई बैठक में प्रतिनिधियों को अजय तिवारी व डॉ. सुरेश शुक्ला नीतिगत विषयों






पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

जैसे कि बैठक में अवगत कराया गया प्रदेश के शत प्रतिशत अनुदान प्राप्त विद्यालयों से 3 अप्रैल 1997 से 31 मार्च 2013 तक के अवधि में सेवा निवृत शिक्षक एवं कर्मचारियों के उपादान का भुगतान माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर की डबल बेच द्वारा पारित निर्णय 10 मई 2024 के द्वारा विद्यालय प्रबंधकों को भुगतान करने के लिए निर्देशित किया गया है, जबकि वेतनों का सदाय अधिनियम क्रमांक 20 सन् 1978 की धारा 5(2) के तहत् अनुदान प्राप्त विद्यालयों के कर्मचारियों के वेतन भत्तों व प्रबंधकीय अंशदान भुगतान के लिए होने वाले व्यय भार को संस्थागत निधि बैंक खाते मे अग्रिम में जमा करने का प्रावधान किया गया है अर्थात् शासन को भुगतान करना है, 1 अप्रैल 2013 से राज्य शासन के द्वारा ही उपादान का भुगतान भी किया जा रहा है।

प्रदेश के शत प्रतिशत अनुदान प्राप्त विद्यालयों के संचालन समितियों के अध्यक्ष/सचिव प्रतिनिधि बुधवार की बैठक में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, धमतरी, महासमुंद, चांपा जांजगीर, रायगढ़, जशपुर, अंबिकापुर, एमसीली, कोरबा इत्यादि जिलों से सैकड़ों प्रबंधकों के न्यायालय बिलासपुर के डीबी के निर्णय को अनुदान अधिनियम व माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर व ग्वालियर बेंच के डीबी निर्णय के विरुद्ध मानते हुए सर्व-सम्मति से माननीय उच्चतम न्यायालय में यथा शीघ्रवाद दायर करने के साथ ही स्टे प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।

स्वच्छता अभियान की खुली पोल, इधर लोगों को कर रहे हैं जागरूक

# रहवासी गंदगी व बदबू के चलते शौचालय से बना रहे हैं दूरी

**खरोरा/रायपुर ( ए. )।** एक तरफ पूरे देश व छत्तीसगढ़ प्रदेश मे स्वच्छता अभियान चला लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत नगर पंचायत अंतर्गत मुख्य बाजार, तलाब व झुग्गी झोपड़ी इलाको मे शौचालय का निर्माण किया गया हैं लेकिन नगर पंचायत अधिकारी और इन कामों मे लगे ठेकेदार के रख रखाव मे लापरवाही व उपेक्षा के चलते औचित्य व अस्तित्व विहीन हो गई है।अब आलम यह है। जहां महिला व पुरुष प्रसाधन के दरवाजा टूटे होने के साथ साथ शौचालय मे गंदगी बदबू व पानी नहीं आ रही हैं।खरोरा में औचित्य व अस्तित्व विहिन हो चुकी नगर पंचायत द्वारा निर्मित सभी शौचालय में गंदगी और बदबूं के चलते लोग शौचालय से दूरी बना रहे है।

### खुले में कर रहे हैं शौच

नगर के झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों के अलावा राहगीर खुले में शौच करते देखें जा सकते है। जिसके चलते यहां के रहवासी के साथ सफर कर रहे महिला यात्री को काफी परेशानियों का सामना



करना पड़ रहा है। बता दें नगर पंचायत अंतर्गत बनाए गए शौचालय का निरीक्षण करने पर प्राय: यही देखा गया हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है रायपुर राजधानी के नजदीक नगर पंचायत खरोरा के अधिकारी इसे लेकर कितने गंभीर है।

### सुध लेने वाला कोई नहीं

नगर पंचायत खरोरा के आम लोगों से बातचीत में बताया कि शौचालय निर्माण के कुछ साल बाद ही इन शौचालय के सुध लेने कोई जवाब दार नहीं आया वहीं शौचालय में काम करने वालों को 17 माह से वेतन नहीं मिलने की बात कहते अपनी समस्याओं को बताया नहीं नगर पंचायत अध्यक्ष व नवनियुक्त मुख्य नगर पालिका ने स्थिति में जल्द सुधार करने की बात कही हैं।

### पौधरोपण सहित सौंदर्यीकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाने के आयुक्त के निर्देश

**रायपुर ( ए. )।** जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजधानी शहर रायपुर में एक्सप्रेस वे तेलीबांधा, शंकर नगर, देवेन्द्र नगर, पंडरी क्षेत्र का निरीक्षण हीरा ग्रुप के एमडी दिनेश अग्रवाल, नगर निगम अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, जोन 3 जोन कमिश्नर सुश्री प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव, राजेश राठौर, शरद कुमार ध्रुव की उपस्थिति में किया। आयुक्त ने एक्सप्रेस वे में पौधरोपण सहित सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारम्भ करवाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने हीरा ग्रुप के माध्यम से राजधानी शहर के जीईमार्ग में आयुर्वेदिक कॉलेज विजयन्त टैंक के समीप रोड के किनारे करवाए गए सौंदर्यीकरण कार्य का प्रत्यक्ष अवलोकन कर उक्त कार्य को सराहा। आयुक्त ने एक्सप्रेस वे क्षेत्र में पौधरोपण सहित सौंदर्यीकरण कार्य शीघ्र करवाने निर्देशित किया।

### पद्मश्री पुरस्कारों के लिए ऑनलाईन नामांकन 15 सितम्बर तक

**रायपुर ( ए. )।** पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री पुरस्कार प्रदाय करने के लिए ऑनलाईन नामांगन आगामी 15 सितम्बर तक राष्ट्रीय पुरस्कार ऑनलाईन पोर्टल https://awards.gov.in के माध्यम से चाही गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि पुरस्कार के लिए पात्रता संबंधी दिशा-निर्देश वेबसाईट पोर्टल में जाकर प्राप्त कर आवेदन किया जा सकता है। साथ ही 1 प्रति जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास को प्रेषित करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि केवल ऑनलाईन के जरिए प्राप्त नामांकन पर ही विचार किया जाएगा।






















# फिल्म पुष्पा-2 का दूसरा गाना अंगारों हुआ रिलीज

## अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की जोड़ी देख फैंस हुए दिवाने

**अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर पुष्पा 2ः द रूल इस साल 2024 की सबसे बड़ी रिलीज में से एक है। मेकर्स ने हाल ही में पुष्पा पुष्पा नामक पहला ट्रैक रिलीज किया और 28 मई को फैंस को सूसेकी (द कपल सॉन्ग) नामक दूसरे गाने का पोस्टर दिखाया।**

मेकर्स ने अब आखिरकार फिल्म का दूसरा ट्रैक रिलीज कर दिया है जिसमें पुष्पा राज और श्रीवल्ली अपने आकर्षक अवतार में नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर सूसेकी का पोस्टर शेयर किया और लिखा, पुष्पा राज और श्रीवल्ली के साथ जुड़ें, क्योंकि वे सुपर आकर्षक पुष्पा-2 सेकंड सिंगल सदकपलसॉन्ग पर थिरक रहे हैं। इस गाने को श्रेया घोषाल ने गाया है, जबकि देवी श्री प्रसाद ने संगीत दिया है और बोल चंद्रबोस के हैं।

इस गाने की शुरुआत अल्लू अर्जुन के सेट पर पहुंचने और दूसरे लोगों से मिलने से होती है। थोड़ी देर बाद, गाने की शुरुआत रश्मिका और अल्लू अर्जुन के आइकॉनिक सिग्नेचर स्टेप्स से होती है, क्योंकि गाने में दोनों सितारों के बीच मस्ती भरे पलों को कैद किया गया है। इस गाने में दोनों सितारों के बीच की केमिस्ट्री को खूबसूरती से दिखाया गया है, जो आपको श्रीवल्ली और सामी सामी गाने याद दिलाती है। यह ट्रैक पुष्पा के मेकर्स के लिए एक और हिट होने वाला है, क्योंकि मोस्ट अवेटेड फिल्म की रिलीज नजदीक आ रही है।

पुष्पाः द राइज 2021 में रिलीज हुई थी, उस समय जब लोग महामारी के कारण सिनेमाघरों में लौटने से हिचकिचा रहे थे। इस फिल्म ने न केवल दर्शकों को रोमांचित किया, बल्कि बॉक्स ऑफ़िस के कई रिकॉर्ड भी तोड़े। सीक्वल को वहीं से शुरू किया जाएगा, जहाँ पहले भाग ने छोड़ा था, जिसमें अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहाद फासिल, प्रकाश राज, जगपति बाबू, जगदीश प्रताप बंडारी और कई अन्य कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं।






तस्वीरों में देखें एक्ट्रेस का स्टनिंग अवतार

# समुंद्र किनारे मोनालिसा ने बेहद ग्लैमरस पोज देकर ढाया कहर

**भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने स्टनिंग और बोल्ड लुक्स से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। उनका हर लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल होने लगता है। हाल ही में मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका मस्तीभरा अंदाज देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।**

टीवी इंडस्ट्री की खूबसूरत और बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक मोनालिसा हमेशा अपनी लेटेस्ट पोस्ट से सोशल मीडिया पर बवाल मचाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अंदाज देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। बता दें एक्ट्रेस मोनालिसा जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं फैंस उनकी हर एक पोस्ट पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हुए नहीं थकते हैं।

इन तस्वीरों में देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने ब्लू कलर का थाई स्लिट स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहना हुआ है, जिसमें वो किलर अंदाज में पोज देती हुई एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं। सिर पर हेट, खुले बाल और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही उनके चेहरे पर प्यारी सी स्माइल एक्ट्रेस के लुक पर चार चांद लगा रही है।

समुंद्र के किनारे एक्ट्रेस मोनालिसा खूबसूरत तस्वीरें क्लिक करवाती हुई और साथ ही मौसम का लुत्फ उठाती हुई नजर आ रही हैं। उनका ये अवतार देखकर फैंस भी कॉमेंट्स करने से नहीं रुक रहे हैं। बता दें एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है। उनका हर एक लुक देखने के लिए फैंस काफी बेताब रहते हैं।



# दिव्या की सवीः ए ब्लडी हाउस वाइफ का गाना खोल पिंजरा जारी, सुनिधि चौहान ने लगाए सुर



पिछले कुछ दिनों से अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार अपनी आगामी फिल्म सवीः ए ब्लडी हाउसवाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रही है। इन दिनों अभिनेत्री इसी फिल्म के प्रचार-प्रसार में व्यस्त हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है।यह फिल्म 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।अब इससे पहले निर्माताओं ने सवीः ए ब्लडी हाउसवाइफ का गाना खोल पिंजरा जारी कर दिया है, जिसे सुनिधि चौहान ने अपनी आवाज दी है।

खोल पिंजरा गाने के बोल रितजया बनर्जी ने लिखे हैं।अनिल कपूर और हर्षवर्धन राणे भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान अभिनय देव ने संभाली है, वहीं मुकेश भट्ट इस फिल्म के निर्माता हैं।

बॉक्स ऑफिस पर सवी का सामना राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही से होगा।

निर्माताओं ने दर्शकों को तोहफा दिया है। दरअसल, सिनेमा प्रेमी दिवस के मौके पर (31 मई) आप इस फिल्म को 99 रुपये में देख सकते हैं।निर्माताओं ने लिखा, इस सिनेमा प्रेमी दिवस पर पूरे भारत में सिर्फ 99 रुपये में सवी के साथ बेहतरीन सिनेमा अनुभव का आनंद लें।

# महंगी पड़ सकती है बार-बार बॉडी चेकअप कराने की आदत, आपको बना सकती है बीमार

**तेजी से बदलती लाइफस्टाइल कई बीमारियों को बढ़ावा दे रही है। लोग अलग-अलग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। जिसकी पहचान के लिए उन्हें बॉडी चेकअप की जरूरत पड़ती है। कुछ लोग शरीर में जरा सा बदलाव होने पर ही फुल बॉडी चेकअप करवाने पहुंच जाते हैं। बार-बार वे ऐसा ही करते हैं। अगर आप भी ऐसा कर रहे हैं तो सावधान हो जाइए, क्योंकि ये खतरनाक हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स इससे बचने की सलाह देते हैं।**

### फुल बॉडी चेकअप क्यों खतरनाक

अगर आप बार-बार फुल बॉडी चेकअप करवाने के लिए डॉक्टर के पास पहुंच जाते हैं तो इस आदत को बदल लीजिए, वरना महंगा पड़ सकता है। इससे आप मानसिक तौर पर बीमार हो सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे शरीर को कई दिक्कतें हो सकती हैं, जो आगे चलकर आपकी सेहत के लिए परेशानी कारण बन सकती हैं, इसलिए जबरदस्ती का चेकअप करवाने से बचें और जरा-जरा सी बात पर अस्पताल न जाएं।

### फुल बॉडी चेकअप ऑफर इग्नोर करें

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, कई बार पैथोलॉजी कंपनियां कस्टमर्स को फुल बॉडी चेकअप का ऑफर देती हैं। कम दाम में फुल बॉडी चेकअप जैसी सुविधा वाले ऑफर के चक्कर में न पड़े, क्योंकि कई बार कंप्यूटर पर चेकअप के दौरान कोई कमी हाइलाइट कर दी जाती है। कभी कैल्शियम या विटामिन डी की कमी बता दी जाती है, जिससे दिमाग में एक डर बैठ जाता है और फिर बार-बार चेकअप करवाने लगते हैं।

### कब करवाएं फुल बॉडी चेकअप

आप जितनी बार फुल बॉडी चेकअप के लिए जाते हैं, उतनी बार आपका ब्लड निकाला जाता है। जब कुछ कमी बताई जाती है तो लोग दिमाग में भ्रम बैठाकर इलाज करवाने लगते हैं, जो आगे चलकर परेशानी का कारण भी बन सकता है। इसलिए कभी भी बिना डॉक्टर की सलाह के फुल बॉडी चेकअप न करवाएं।



# हिना खान के साथ नामाकूल पर काम करना रहा कूल और बवालः साक्षी म्हाडोलकर

**उभरती सितारा साक्षी म्हाडोलकर ने अभी हाल ही में अपने नए शो नामाकूल पर काम करने के एक्सपीरियंस को शेयर किया। उन्होंने ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने पर अपने आप को खुश किस्मत माना और अपने उत्साह व्यक्त किया। शो पर काम करने के अपने अनुभव को कूल और बवाल बताते हुए साक्षी ने हिना खान के साथ काम करने के अनुभव को भी ख़ास बताया।**

शो के प्रोडक्शन प्रोसेस के बारे में बात करते हुए साक्षी म्हाडोलकर ने बताया कि सेट पर शुरू से ही बहुत खुशनुमा माहौल होता था। उन्होंने आगे कहा, शो नामाकूल में काम करना बहुत ही कूल और बवाल अनुभव रहा। बहुत ही अच्छी टीम थी और शो के सेट की वाइब बहुत पॉजिटिव थी। मुझे याद है जिस दिन से हमने शो को लेकर तैयारी शुरू की थी, हमने बहुत मजा किया और वह मजा स्क्रीन पर भी नजर आ रहा है।

हम लोगों के एंटरटेनमेंट के लिए कुछ बनाना चाहते थे। यह एक लाइट हार्टेड और फन शो है जिसको आप अपने दोस्तों और परिवार वालो के साथ देख सकते है। इस शो को बनाने की जो इंटेंशन थी, वह स्क्रीन पर साफ़ नजर आ रही है। यह मेरा पहला प्रोजेक्ट है, मैंने इस प्रोजेक्ट पर इतने बेहतरीन लोगों के साथ काम किया है और डायरेक्टर रितम श्रीवास्तव के साथ काम करने का मौका मिला, मुझे लगता है मैं भगवान का पसंदीदा बच्चा हूँ।

शो में साक्षी ने हिना खान के साथ काम किया है और उनके साथ काम करने को लेकर वह बहुत उत्साहित नजर आयी। उन्होंने हिना खान की शालीनता और प्रोफेशनलिज्म की तारीफ की और उनसे पहली बार मिलने के अपने अनुभव को शेयर किया, जब मैं उनसे पहली बार मिली , मैं हैरान रह गयी। वह अंदर और बाहर दोनों से ही बेहद खूबसूरत है और वह अच्छे से जानती है कि वह क्या कर रही है। वह एक रानी है।

बड़े एक्टर्स के साथ के साथ सीमाएं बनाए रखने की सलाह सुनने के बावजूद, साक्षी ने हिना खान को बेहद विनम्र, मददगार और दयालु पाया। उनके लिए यह एक चैलेंज था कि उनके किरदार निहारिका को हिना के किरदार रुबिया के प्रति दुश्मनी दिखानी थी ,जबकि रियल लाइफ में वह उनको बहुत पसंद करती है।


जब अपने खुद के एक्टिंग प्रोसेस की बात करनी हो, तो साक्षी अपने आप को एक एक्स्प्लोरर के रूप में देखती है। वह अभी भी सीखने के चरण में है और अपने किरदारों में गहराई जोड़ने के नए तरीके खोज रही है।उन्होंने कहा, अभी मैं एक एक्स्प्लोरर हूँ। मेरा कोई प्रोसेस नहीं है , मैं सीख रही हूं, खोज रही हूँ और जो किरदार मैं निभा रही हूँ ,उनमे कुछ नया डालने की कोशिश कर रही हूँ।

मुझे अपने डायरेक्टर पर पूरा भरोसा है, मैं उन्हें अपने लिए एक दुनिया बनाने देती हूँ और उसमे अपनी भूमिका निभाती हूँ। मैं अपनी पूरी तैयारी करती हूँ, सेट ओर जाने से पहले अपना होमवर्क पूरा करके जाती हूँ। अपने नए प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए साक्षी ने कहा, मैं अपने नए प्रोजेक्ट पर काम कर रही हूँ। हमने शूट शुरू कर दिया है। यह एक वेब शो है जो थोड़ा थ्रिलिंग, किलिंग और एक्साइटिंग है।

रितम श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित इस श्रृंखला में हिना खान, अभिनव शर्मा, फैसल मलिक, अनुष्का कौशिक, सतीश बादल, अभिषेक बजाज, साक्षी म्हाडोलकर, आरोन अर्जुन कौल शामिल हैं।

# 21वीं सदी भारत की सदी होगीः मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन पंजाब पहुंचे. जहां होशियारपुर में उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान पीएम मोदी ने अपने सरकार में कराए गए कामों का जिक्र किया और नई सरकार में किए जाने वाले कामों के बारे में बताया. पीएम मोदी ने कहा कि होशियापुप को छोटी काशी कहा जाता है, ये गुरु रविदास जी की तपोभूमि है. और ये संयोग देखिए काशी जहां से मैं सांसद हूं, वहां गुरुरविदास जी का जन्म हुआ था. इसलिए होशियारपुर की इस पुण्यभूमि पर चुनाव अभियान का समापन होना मेरे लिए अपने आप में सौभाग्य से कम नहीं है।**



पीएम मोदी ने कहा कि गुरु रविदास जी कहते थे कि मन चंगा तो कठौती में गंगा. मैं भी पूरे ईमानदार मन से देश की सेवा में जुटा हूं. इसीलिए देश की जनता का आशीर्वाद मेरे साथ है. मैं देशभर में जाकर के आया हूं. जनता जनार्दन ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाना पक्का कर लिया है. आज देश में आकांक्षाएं नई हैं, आज देश में उम्मीदें नई हैं आज देश में आत्मविश्वास नया है. दशकों बाद ऐसा समय आया है पूर्ण बहुमत वाली सरकार हैट्रिक बनाने जा रही है. जिसकी वजह है विकसित भारत का सपना.

पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज हर भारतीय विकसित भारत के सपने के साथ एक रूप हो गया है. जुड़ गया है इसलिए हर देशवासी हमें आशीर्वाद दे रहा है. पीएम मोदी ने कहा कि मैंने लाल किले से कहा था यही समय है सही समय है. और आज फिर कह रहा हूं 21वीं सदी भारत की सदी होगी. पीएम ने कहा कि पिछले दस साल में भारत ने जो विकास करके दिखाया है वो अभूतपूर्व रहा है. आज जब पंजाब के लोग दूसरे राज्यों के लोग विदेश जाते हैं तो खुद देखते हैं कि वहां भारत और भारतीयों की इज्जत कितनी बढ़ गई है. जब देश में दमदार सरकार होती है तो विदेशी सरकार भी हमारा दम देखती है.

पीएम मोदी ने कहा कि गरीब कल्याण मेरी सरकार की बहुत बड़ी प्राथमिकता, इसमें गुरु रविदास जी की बहुत बड़ी प्रेरणा है. पीएम मोदी ने कहा कि बीते दस वर्षों में हमने गरीब से गरीब को मुफ्त अनाज और मुफ्त इलाज की सुविधा दी है. आज किसी भी गरीब, दलित, वंचित मां की संतान को भूखे पेट नहीं सोना पड़ता. आज गरीब महिला को अपनी बीमारी छिपाने की मजबूरी नहीं है. आज उसके पास राशन कार्ड है आयुष्मान कार्ड है.

पीएम मोदी ने आगे कहा कि यही लोग हैं जो अपने वोट बैंक के लिए लगातार राम मंदिर का विरोध करते रहे. यही वजह है कि इंडी गठबंधन अपनी तुष्टिकरण की राजनीति की वजह से सीएए का भी विरोध कर रहा है. आज कल देश के लोग इंडी गठबंधन वालों से संविधान-संविधान की रट सुन रहे हैं. ये वे लोग हैं जिन्होंने इमरजेंसी में संविधान का गला घोंट दिया था. जब चौरासी के दंगों में सिखों के गले में टायर डालकर जलाया जा रहा था. तो इन्हें संविधान की नहीं सूची. मोदी ने ने एक संकल्प लिया है कि वो दलितों-पिछड़ों आदिवासियों का आरक्षण किसी को छीनने नहीं देगा।

## 206 कार्यक्रम, 80 साक्षात्कार, ऐसा रहा पीएम मोदी का मैराथन चुनावी अभियान

इस बार का लोकसभा चुनाव सात चरणों में संपन्न हो रहा है और चुनाव का नतीजा 4 जून को घोषित होगा। 16 मार्च को चुनाव आयोग की तरफ से लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई थी। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव आचार संहिता लागू होने के पहले से ही देश भर के लगभग सभी राज्यों का मैराथन दौरा कर रहे थे। लेकिन, चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ देश के दक्षिण छोर से शुरू हुआ उनका प्रचार अभियान उत्तर में स्थित पंजाब के होशियारपुर में आकर समाप्त हुआ। जहां पीएम मोदी ने गुरुवार को एक चुनावी रैली को संबोधित किया।

इस चुनाव में पार्टी के पक्ष में पीएम मोदी की मेहनत साफ नजर आई। विपक्ष के फायर ब्रांड नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल जैसे नेता एक तरफ और पूरे चुनाव प्रचार अभियान के दौरान नरेंद्र मोदी एक तरफ सबको अपनी ऊर्जा से टक्कर देते नजर आए। आंध्र प्रदेश के पालनाडु से चुनाव प्रचार की शुरुआत कर पीएम मोदी ने इस अभियान का समापन 30 मई को पंजाब के होशियारपुर में किया। यानी 75 दिन की इस अवधि में पीएम मोदी ने 180 रैलियां और रोड शो किए हैं। पीएम मोदी की रैलियों के साथ उनके रोड शो और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने का आंकड़ा देखें तो यह संख्या 206 है। इसके साथ ही उन्होंने इस दौरान 80 से ज्यादा मीडिया चैनलों, अखबारों, यूट्यूबरों, ऑनलाइन मीडिया माध्यमों को अपना साक्षात्कार दिया। मतलब औसतन हर दिन पीएम मोदी ने दो से ज्यादा रैलियां और रोड शो के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं, पीएम मोदी मार्च में चुनाव की घोषणा से पहले फरवरी और मार्च की 15 तारीख तक 15 रैलियां कर चुके थे। पीएम मोदी ने सबसे ज्यादा 22 जनसभाएं और कुल 31 चुनावी कार्यक्रम यूपी में किए हैं।

## खास खबर

### गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक व माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रथम चरण का प्रशिक्षण

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 04 जून को होने वाले मतगणना कार्य के लिए नियोजित गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक तथा माइक्रो ऑब्जर्वर को कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में आज प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मास्टर ट्रेनर डॉ एम एम जोशी द्वारा मतगणना कर्मियों को मतगणना कार्य की संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी ने मतदान संबंधी महत्वपूर्ण कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ संपन्न किया है। मतगणना का कार्य भी महत्वपूर्ण है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने मतगणना के पूर्व की तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, ईव्हीएम से मतगणना की प्रक्रिया, मतगणना व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। डॉ जोशी ने बताया कि मतगणना में कंट्रोल यूनिट में दर्ज वोटों की गिनती के साथ डाकमत पत्र, ईटीपीबीएस के अलावा रेंडम आधार पर चयनित किसी एक वीवीपैट की स्लिपों की भी गणना की जाएगी। इस दौरान डाक मत पत्रों की मतगणना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। पहले डाक मतपत्रों की गणना होगी। डाक मतपत्रों की गणना शुरू होने के तीस मिनट बाद ईवीएम से मतगणना प्रारंभ होगी। डॉ. जोशी ने मतगणना से संबंधित व्यवस्थाओं के अलावा मतगणना संबंधी प्रावधानों व आयोग के दिशा निर्देशों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने सामान्य प्रेक्षक कक्ष, सीलिंग कक्षों, मीडिया रूम से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

### विश्व तम्बाकू निषेध दिवस : रेल्वे स्टेशन और अन्तर्राज्यीय बस टर्मिनल में नशा मुक्ति आध्यात्मिक प्रदर्शनी

**रायपुर।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा अन्तर्राज्यीय बस टर्मिनल भाठागांव और रेल्वे स्टेशन रायपुर के मुख्य प्रवेश द्वार क्रमांक-दो में 31 मई को एक दिन के लिए नशा मुक्ति आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी को सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे के मध्य देखा जा सकता है। प्रवेश नि:शुल्क रखा गया है। रेल्वे स्टेशन में आयोजित नशा मुक्ति आध्यात्मिक प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक राजेश मूणत, अपर कलेक्टर श्रीमती निधि साहू, डिवीजनल कामर्शियल मैनेजर राकेश सिंह, स्टेशन डायरेक्टर एन.के.साहू और रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी करेंगी। इसी तरह अन्तर्राज्यीय बस टर्मिनल में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारम्भ विधायक मोतीलाल साहू और नगर निगम के उपायुक्त विनोद पाण्डे करेंगे। उक्त प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को व्यसन मुक्ति का सन्देश देने के लिए रंगीन चित्रों तथा पोस्टर्स के माध्यम से तम्बाकू के अलावा गुड़ाखू, बीड़ी, सिगरेट और शराब आदि नशीली चीजों से स्वास्थ्य को होने वाले दुष्परिणामों के बारे में सचेत किया जाएगा। इसके साथ ही राजयोग साधना के द्वारा हमेशा के लिए दुर्व्यसनों से मुक्त होने के उपायों को बहुत ही सरल शब्दों में रोचक ढंग से दर्शाया जाएगा। यह प्रदर्शनी सभी नागरिकों के लिए दर्शनीय है। प्रदर्शनी स्थल पर तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट आदि छोड़ने के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए एक दान पेटी भी रखी गई है।

### प्रबंधन और उद्यम सीखेंगे आदिवासी युवा, मिलेगा प्रशिक्षण

**बीजापुर।** स्थानीय आदिवासी युवाओं को उद्यमिता विकास से जोड़कर उनके आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का अभिनव पहल करते हुए कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा 10 दिवसीय उद्यमशीलता प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार के अवसर की पहचान करना, व्यवसाय की योजना बनाना और उसके विकास का प्रबंध करना है। जिससे जिले के आदिवासी युवाओं को स्वरोजगार के अवसर सृजन होंगे। ऐसे युवा भविष्य में नौकरी तलाशने वाले न होकर नौकरी देने वाले होंगे। विभिन्न स्वरोजगार के कार्य हेतु आवश्यक प्रकिया, दस्तावेज ऋण सुविधा इत्यादि जिला प्रशासन द्वारा सुगमतापूर्वक मुहैया कराया जावेगा। जिले के ऐसे आदिवासी युवा जो स्वरोजगार के कार्य करने कि रूचि रखते हों ऐसे युवाओं को जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा 10 दिवसीय उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम में नि:शुल्क रहवासी प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। जिसमें 04 दिवसीय प्रशिक्षण नेशनल इन्स्टीट्यूट फॉर माइको स्मॉल एण्ड मिडियम इन्टरप्राइजेस हैदराबाद में सम्पन्न होगा। जिले के युवा जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष है। वे 06 जून 2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर कक्ष क्रमांक ष्ठ-19 जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय बीजापुर में संपर्क कर सकते हैं। अथवा अधिक जानकारी के लिए गौरव पाण्डेय सहायक संचालक मो. नं. 9407641115 से संपर्क कर सकते हैं।

# किसानों के योगदान से ही 2047 में विकसित राष्ट्र बनेगा भारतः जगदीप धनखड़

**रुद्रपुर (एजेंसी)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि कृषकों के योगदान से ही भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट बनेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को आय बढ़ाने के लिए कृषि उत्पादों की ब्रॉडिंग और पैकेजिंग कर संगठित बाजार और क्लस्टरों से जुड़ना होगा। जिससे वह अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में किसान अपने को तकनीकी रूप से आगे बढ़ाएं। गुरुवार को कैंची धाम के दर्शन कर उपराष्टपति पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां उत्तराखण्ड के राज्यपाल और जीबी पंत विवि के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने उपराष्टपति का स्वागत किया। इसके बाद उपराष्टपति राई भवन पहुंचे और पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ चंदन का पौधा का रोपा।



जीबी पंत विवि में मीडिया कर्मियों से बातचीत में उपराष्टपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था में किसानों को अपना योगदान देना है तो किसानों को तीन बातों के लिए वचनबद्ध होना पड़ेगा। किसानों को कृषि के साथ ही कृषि उद्योगों से जुड़ना होगा। किसान अपना उत्पाद तुरंत बेच देते हैं। इससे उनको उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पता है और उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने इसलिए ज्यादा से ज्यादा फायदा लेने के लिए वेयर हाउसिंग बनाने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि यह देखा जाता है कि किसान दूध और छाछ तक ही सीमित रहता है। अब समय आ गया है कि दूध से आइस क्रीम, पनीर व सभी प्रकार के दुग्ध उत्पाद तैयार कर बाजार में बेचें। उन्होंने कहा कि किसानों को आय बढ़ाने के लिए कृषि उत्पादों की ब्रॉडिंग, पैकेजिंग कर संगठित बाजार और क्लस्टरों से जुड़ना होगा ताकि वह अधिक से अधिक लाभ उठा सकें।

उप राष्टपति ने नाहेप भवन में लगाए गए कृषि उत्पाद स्टालों का निरीक्षण किया और कृषि संग्रहालय का भ्रमण किया। उनका वैज्ञानिकों के साथ संवाद का कार्यक्रम था, जिसे अंतिम समय में रद्द कर दिया गया। दौरा पूरा होने के बाद वह बरेली को रवाना हो गए।

कृषि संग्रहालय का भ्रमण किया ॅ उप राष्टपति ने नाहेप भवन में लगाए गए कृषि उत्पाद स्टालों का निरीक्षण किया और कृषि संग्रहालय का भ्रमण किया। उप राष्टपति जगदीप धनखड़ ने पंतनगर विवि के कृषि संग्रहालय का भ्रमण कर विवि के छह दशक की पूरी गाथा जानी और विवि की स्थापना, हरित क्रांति को इतिहास से जुड़ी तस्वीरों और दस्तावेजों के माध्यम से जाना। कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. शिवेंद्र कुमार ने उप राष्टपति को संग्रहालय की विशेषताएं बताई। संग्रहालय देख उप राष्टपति काफी प्रभावित हुए। उप राष्टपति ने संग्रहालय की तारीफ की।

यह लोग रहे मौजूदॅ विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, रविन्द्र जुवांठा, गौरव पांडे, नगर उपायुक्त शिप्रा जोशी, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, शोध निदेशक डॉ. अजीत सिंह नैन, सीजीएम फार्म डॉ. जयंत सिंह आदि मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया मतगणना केंद्र का जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदाबाजार।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र जांजगीर चांपा उपक्षेत्र विधानसभा कसडोल एवं रायपुर अंतर्गत उपक्षेत्र विधानसभा बलौदाबाजार एवं भाटापारा के मतों की गणना करने नवीन मंडी परिसर में स्थापित सीलबंद स्ट्रांग रूम 04 जून को मतगणना के दिन सुबह आब्जर्वर, रिटर्निंग आफिसर और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोले जायेंगे। स्ट्रांग रूम से ही ईव्हीएम मशीनों की कंट्रोल यूनिट मतगणना कक्ष तक पहुंचेगी और आठ बजे से मतों की गणना प्रारंभ होगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने आज यहां जिला मुख्यालय स्थित मतगणना केंद्र नवीन मंडी परिसर में पहुंचकर 04 जून को होने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना हेतु की जाने वाली आवश्यक व्यवस्था को लेकर संबंधित नोडल अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। श्री चौहान ने मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए मतगणना स्थल की संपूर्ण व्यवस्था,ईवीएम से मतों की गणना हेतु बनाए गए विधानसभावार कक्ष, टेबुलेशन आदि कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने पर्याप्त संख्या में टेन्ट, बेरिकेडिंग, फर्नीचर, मीडिया सेंटर स्थापित करने, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं टेलीफोन व्यवस्था, साफ सफाई,अग्निशमन, पानी टैंक की व्यवस्था,भोजन व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था,पार्किंग के लिए स्थान आरक्षित करने तथा संबंधित अधिकारियों को स्टेशनरी प्रपत्र,आवश्यक सामग्री,फोटोग्राफी मशीन, कंप्यूटर, प्रिंटर, स्केनर, ऑपरेटर,लाइट व साउंड सिस्टम सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री चौहान ने नवीन मंडी परिसर में मतगणना हेतु चिन्हांकित विधानसभावार कक्ष का अवलोकन किया।

## डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन से ग्रामीण भारत की डिजिटल यात्रा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर। देश व राज्य के ग्रामीण अंचल में डिजिटल क्रांति का आगाज, अब हर व्यक्ति तक डिजिटल शिक्षा और ज्ञान का विस्तार होगा। जिला प्रशासन के सहयोग से एनआईआईटी फाउंडेशन और इंडस टावर इस अद्भुत पहल की शुरुआत सूरजपुर जिले में करने जा रही है, जिसके तहत डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन (डीटीवी) के माध्यम से गांवों में डिजिटल शिक्षा का प्रसार किया जाएगा। यह वैन गांवों में जाकर युवाओं को नि:शुल्क डिजिटल शिक्षा और प्रमाणपत्र प्रदान करता है।**

सौर ऊर्जा, विद्युत ऊर्जा एवं पेट्रोल से चलने वाली यह डिजिटल बस निम्नलिखित विशेषताओं के साथ आती है- 21 कंप्यूटर्स, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और वेबिनार सुविधाएं, प्रिंटिंग, सॉफ्टवेयर और ई-लर्निंग उपकरण। इसके साथ ही, एक प्रबंधक, एक मोबलाइजर, एक प्रशिक्षक, और एक ड्राइवर भी इस बस में उपस्थित होते हैं।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य है ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना, गांव की मैपिंग और समुदाय को एकत्र करना, शिक्षा में रुचि बढ़ाना, और ग्रामीण युवाओं के लिए समान अवसर प्रदान करना। इसके साथ ही पिछड़े एवं ग्रामीण इलाकों के छात्र जो किसी कारणवश अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ चुके हैं उनको प्राथमिकता दी जाएगी। यह स्मार्ट बस अब देश के 16 राज्यों में संचालित हो रही है और इसे इंडस टावर कंपनी की सीएसआर गतिविधि के तहत चलाया जा रहा है। सूरजपुर जिला छत्तीसगढ़ का पहला जिला है जहां इस बस का संचालन हो रहा है। नि:शुल्क कोर्स पूरा करने के बाद, एनआईआईटी फाउंडेशन और इंडस टावर द्वारा नि:शुल्क प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का डिजाइन और नियंत्रण भी एनआईआईटी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण पहल के माध्यम से भारतीय गांवों में डिजिटल साक्षरता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।

## इंडिया गठबंधन की बहुमत वाली सरकार बनेगी सभी दलों की सहमति से चुनेंगे पीएमः खड़गे

**नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विश्वास जताया है कि 4 जून को देश में इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी। केंद्र में सरकार आने पर कांग्रेस के घोषणा पत्र में दी गई गारंटियों और न्याय पत्र की घोषणाओं को पूरा किया जाएगा।**



इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री कौन होगा, इस पर खड़गे का कहना है कि गठबंधन के सभी दल मिलकर इस विषय पर चर्चा करेंगे। सभी दलों की सहमति से प्रधानमंत्री चुना जाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने दिल्ली में कहा कि हमें विश्वास है कि 4 जून को जनता एक नई वैकल्पिक सरकार का जनादेश देगी। इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हो सकते हैं, इस पर खड़गे ने कहा कि उन्होंने कभी अपने लिए कुछ नहीं मांगा है। कांग्रेस ने 1 जून को इंडिया गठबंधन की मीटिंग बुलाई है।

कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि यह एक अनौपचारिक मीटिंग है। इस मीटिंग में फार्म 17सी और मतगणना की तैयारी पर चर्चा की जाएगी। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान महंगाई और बेरोजगारी के बारे में एक शब्द नहीं कहा, जबकि पिछले 15 दिनों में 232 बार कांग्रेस का नाम लिया और 758 बार मोदी शब्द का प्रयोग किया।

कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि बीते 15 दिनों में प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में 573 बार इंडिया गठबंधन का नाम लिया। 421 बार मंदिर, मस्जिद की बात की। 224 बार मुस्लिम, पाकिस्तान, अल्पसंख्यकों की बात की। लंबे समय तक यह चुनाव याद रखा जाएगा। यह चुनाव इसलिए याद रहेगा क्योंकि इस चुनाव में देश का हर नागरिक धर्म, जाति, पंथ, क्षेत्र, लिंग और भाषा को भूलकर लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एक साथ आया है। प्रधानमंत्री और भाजपा के प्रमुख नेताओं ने चुनाव के दौरान धार्मिक और विभाजनकारी मुद्दों से लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 80-90 देश में महात्मा गांधी की मूर्ति है, फिर भी अगर कोई कहता है कि फिल्म देखकर महात्मा गांधी के बारे में पता लगा तो यह सुनकर हंसी आती है। जिन्हें महात्मा गांधी के बारे में ज्यादा पता नहीं है तो उन्हें संविधान के बारे में भी अधिक पता नहीं होगा। गांधी हमेशा अहिंसा की राजनीति करते थे। महात्मा गांधी ने कभी किसी से नफरत नहीं की। आज मोदी जी की सारी कोशिशें नफरत से भरी है।

खड़गे ने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस के खाते फ्रीज कर दिए गए। कुछ दूसरी पार्टियों के साथ भी इसी प्रकार का व्यवहार किया गया।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### बीजापुर में 16 नक्सली गिरफ्तार कई घटनाओं में थे शामिल

**बीजापुर।** जिले के उसूर व बीजापुर थाना क्षेत्रों के भुसापुर और गोरना पडियारपारा से सुरक्षाबल के जवानों ने 16 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये नक्सलियों पर आईईडी प्लांट करने और सड़क काटने सहित अन्य घटनाओं में शामिल रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, बीजापुर थाना क्षेत्र के गोरना के पडियारपारा से बीजापुर थाना और डीआरजी की संयुक्त पार्टी ने डीएकेएमएस सदस्य लक्खू कुरसम उर्फ सुक्कू उर्फ एंका लक्खू को गिरफ्तार किया है। जिसकी उम्र 42 वर्ष बताई जा रही है। जो वर्ष 1998 से नक्सली संगठन में सक्रिय है।

मूलवासी बचाओ मंच सदस्य शंकर कुरसम उर्फबुधु कुरसम उम्र 26 को गिरफ्तार किया है। वर्ष 2016 से सक्रिय है। वहीं मनकेली आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य मन्नू कुरसम, चैतू कुरसम, सोमा कुरसम, कमलेश कुरसम, महेश सोढ़ी, सन्नू कुरसम, आयतु कुरसम, मंगल उर्फ पाण्डु मड़कम और रमेश कुरसम को गिरफ्तार किया गया है। जो कई वर्षों से नक्सल संगठन में सक्रिय थे। बीजापुर पुलिस ने जिन 11 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। वह सभी क्षेत्र में मार्ग अवरुद्ध करने, आईईडी प्लांट करने, शासन विरोधी पम्पलेट बैनर लगाने की घटना में शामिल थे। वहीं उसूर थाना और डीआरजी की टीम ने मिलिशिया सदस्य मड़कम आयता, मंगड़ू, पोदिया पुनेम, लखमा और पोडियाम को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी नक्सलियों को बीजापुर व उसूर थाना में वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायिक रिमांड न्यायालय में पेश किया गया।

### शराब दुकान से 36 लाख चुराने वाले 4 कर्मचारी गिरफ्तार

**रायपुर (ए.)।** थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत रावाभांठा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित विदेशी शराब दुकान से 36,76,120 रुपए नगदी रकम की चोरी करने वाले 4 कर्मचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमित शर्मा की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने कृष्ण कुमार बंजारे, साहेबलाल बंजारे, मनमोहन आडिल और रोशन कन्नौजे को गिरफ्तार किया। ये चारों आरोपी शराब दुकान में विभिन्न पदों पर कार्यरत थे और उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से चोरी की घटना को अंजाम दिया। दरअसल 28 मई को शराब दुकान में एक व्यक्ति द्वारा मारपीट की घटना का फायदा उठाकर, चारों कर्मचारियों ने मिलकर दुकान की बिक्री रकम 36,76,120 रुपए को चोरी कर लिया। इस घटना में मुख्य विक्रेता रोशन कन्नौजे ने तिजोरी की चाबी जानबूझकर दुकान में ही छोड़ दी और गार्ड मनमोहन आडिल ने फोन पर सूचना दी कि दुकान में लूट हो गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक मणीशंकर चन्द्रा और थाना प्रभारी एसएन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की।

# सोती रही महिला और गहने उतार ले गया चोर

## दुर्ग में सामने आया हैरान कर देने वाला मामला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के अंडा थाना क्षेत्र में चोरी का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां छत पर सो रही महिला के कान से इयर रिंग व उंगली से अंगूठी कोई अज्ञात चोर उतार ले गया और महिला को भनक तक नहीं लगी। जब चोर अपना काम करके जा चुका तब जाकर महिला को अहसास हुआ। उठकर उसने देखा कि उसके कान के रिंग व हाथ की अंगूठी के साथ बिस्तर पर रखा मोबाइल भी गायब है। घटना के दूसरे दिन महिला अपने पति के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

अंडा पुलिस के अनुसार जंजगिरी रोड ग्राम अण्डा गीतांजली जोशी घरेलू काम करती है। 28 मई की रात 10.00 बजे खाना खाकर मै अपने पति कमलेश जोशी के साथ मकान की छत पर खाट बिछाकर सोई थी। आधी रात के बाद 3 बजे के करीब महिला को कुछ अहसास हुआ तो वह उठी। इस दौरान उसे पता चला कि कान में पहने सोने के एक इयर रिंग एवं उंगली में पहली अंगूठी के साथ खाट पर पोको कंपनी का मोबाइल कोई चुरा ले गया। अज्ञात चोर घर की दीवर फांदकर छत पर पहुंचा और चोरी कर गया। जब चोर महिला के कान से इयररिंग और अंगूठी उतार रहा था तो महिला को कुछ अहसास भी नहीं हुआ। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।




### पुलिस की गिरफ्त में आए नशीली गोलियों के तस्कर

**बालोद।** नशीली गोलियों के दो तस्करों को बालोद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10.718 किलो ग्राम नशीली दवा जब्त की है। जिसकी कीमत 1,44,300 रुपये बताई जा रही है। दरअसल, नशे के बढ़ते व्यापार को देखते हुए पुलिस ने एक विशेष टीम बनाई थी। जिसके बाद से जांच पड़ताल शुरू की। जिस पर जिले के पड़की भाट बायपास पर दवाई खपाने के जुगत में लगे दो आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा है। आरोपी विश्वपति गोराई और धर्मेन्द्र यादव के विरूद्ध थाना बालोद में 22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया गया है। एसपी एसआर भगत ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम पड़कीभाट बायपास रोड की ओर दो व्यक्ति एक मोटर सायकल में अधिक मात्रा में नशीली दवाई रखे हुए हैं और उसे बेचने खपाने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। मौके पर पुलिस पहुंची तो उनके पास जाकर उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम विश्वपति गोराई और धर्मेन्द्र यादव बालोद निवासी बताया ।र सामान के बारे में पूछने पर टाल मटोल जवाब दिया।

## दुर्ग में राजमिस्त्री के घर पर लाखों की चोरी

### बेटी का इलाज कराने परिवार के साथ रायपुर गया था शख्स

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग के पुलगांव थाना क्षेत्र में राजमिस्त्री के घर पर लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। राजमिस्त्री अपने परिवार के साथ अपनी बेटी का इलाज कराने रायपुर गया था। बुधवार देर शाम जब घर पहुंचा तो ताला टूटा देखा। अंदर जाने पर अलमारी खुली थी और सोने व चांदी के जेवर सहित नगद राशि 30000 रुपए गायब मिली। इस मामले में प्रार्थी ने पुलगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलगांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 54 पोटियाकला निवासी संतोष यादव (39) के घर पर चोरी हुई। इस संबंध में संतोष यादव ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 26 मई को वह अपनी बेटी काजल यादव के ईलाज के लिए परिवार सहित घर पर ताला लगाकर रायपुर गया था। तीन दिन बाद 29 मई की शाम को वह घर वापस लौटा तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है।

इसके बाद संतोष यादव अपने घर के अंदर घुसा और देखा कि अलमारी का ताला टूटा हुआ है और कपड़े बिखरे पड़े हैं। आलमारी के लाकर में रखे सोने का आईरिंग 2.52 ग्राम, कान का सोने का झुमका 1.5 ग्राम, सोने का नौ पत्ती माला 4 ग्राम, सोने का मंगल सूत्र व 4 गेहू दाना लगा हुआ, सोने का तीन पत्ती माला जिसमे आठ गोल दाना लगा, सोने की कान का खूटी, सोने का नाक का फुल्ली 4 नग, सोने का लाकेट 2 नग, चांदी का लच्छा 40 तोला, चांदी का करधन 30 तोला, चांदी की गणेश मुर्ति 3 नग, चांदी का 2 चेन 4 तोला, चांदी की पायल 10 तोला, चांदी का पैर पटटी एक जोडी, चांदी का बिछिया 03 जोडी, चांदी की चूडी 12 नग, चांदी का लाकेट आधा तोला, चांदी का कंगन एक जोडी व नगदी रकम 30000 रुपए अज्ञात चोर चुरा ले गया।



## शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में के पुलिस चौकी बाजार चारभाठा में शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार किया है।

पुलिस चौकी बाजार चारभाठा प्रभारी उपनिरीक्षक तारन दास डहरिया ने बताया कि नाबालिग के परिजन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी तहरीर में बताया था कि 27 मई शाम 6 बजे से उनकी लड़की नहीं है। कोई अज्ञात व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है। मामले में पुलिस ने 28 मई को धारा 363 दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि ग्राम सेमरिया निवासी धर्मेंद्र कौशिक के साथ लड़की को देखा गया है। दोनों रायपुर से दीगर राज्य की ओर जाने वाले हैं।

इसके बाद पुलिस की टीम रायपुर के चौक चौराहों व बस स्टैंड में तलाश कर रही थी. तभी आरोपी धर्मेंद्र कौशिक रायपुर के यातायात थाना पुराना बस स्टैंड पंडरी में पकड़ा गया। उसके कब्जे से नाबालिग लड़की को बरामद किया गया। पुलिस की पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि आरोपी धर्मेंद्र कौशिक ने शादी का प्रलोभन देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया है। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 366, 376 (3),376 (2) (एन) व 6 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर गुरुवार को रिमांड पर भेज दिया है।

# पीएम आवास के नाम पर लाखों की ठगी

## जशपुर पुलिस की गिरफ्त में आए दो शातिर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास के नाम पर भोले भाले ग्रामीणों से ठगी का मामला सामने आया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर धोखे से बायोमैट्रीक फिंगर मशीन में अंगूठा लगवाकर अलग-अलग लोगों से कुल 1,34,000 रुपए की ठगी की गई। इस मामले में थाना कुनकुरी में धारा 420, 34 अपराध दर्ज है। अपराध दर्ज होने के बाद आरोपी फरार थे जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस मामले में विश्वामित्र मिश्रा (77) निवासी गिनाबहार ने 23 जुलाई 2023 को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 31 मई 2023 को दो अज्ञात व्यक्ति इसके घर आये और बोले कि आपका प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान पास हो गया है, अपना आधार कार्ड दीजिये इंट्री करना है तब प्रार्थी अपना आधार कार्ड उस व्यक्ति को दे दिया। उसके बाद उसने मोबाइल से आधार कार्ड का फोटो खींचकर इसका अंगूठे को मोबाइल से जुड़े हुए बायोमिट्रिक मशीन में स्कैन किया और वह चला गया।

इसके बाद 1 जून 23, से 1 जुलाई 23 के बीच कई बार सर्वर डाउन है कहकर फिर से अंगूठा लगवाया। 1 जुलाई 23 को मोबाइल पर मेसेज आने पर पता चला कि खाते से 10,000 रुपए आहरण हुआ है। इसके बाद बैंक डिटेल लेने पर पता चला कि उक्त भी तिथियों पर AEPS (Adhar Enabled Payment System) से 10,000 रुपए के हिसाब से कुल 7 बार में 70,000 रुपए आहरित किये जा चुके थे। इसी क्रम में ग्राम महुआडांड़ निवासी एक महिला के खाता से भी 31,000 रुपए एवं हर्राडांड़ निवासी एक महिला के खाता से 33,000 रुपए इस प्रकार कुल रकम अज्ञात व्यक्तियों बायोमिट्रिक मशीन में अंगूठा लगवा कर पैसा ठगी किया गया है कि रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना के बाद आरोपी फरार थे और पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। विवेचना के दौरान प्रार्थी के खाता का जानकारी संबंधित बैंक से प्राप्त कर अवलोकन करने पर पाया गया कि Spice Money AEPS (Adhar Enabled Payment System) बायोमैट्रिक मशीन के माध्यम से पैसा कटना पाया गया कि बायोमैट्रिक मशीन के फ्रार संचालक जगेश्वर राम यादव एवं ईश्वर राम यादव दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी जगेश्वर राम यादव के कब्जे से एक रियल मी कम्पनी का मोबाईल 01 नग, एक लिनोवो का लैपटॉप, फिंगर प्रिंट बायोमैट्रीक डीवाईस, एडाप्टर, ओटीजी, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, मेडिकल कार्ड, कियास्क बैंक का आई खाता, नगदी रकम 4500 रुपए और एक मोटर सायकल होण्डा साईन बिना नम्बर का गवाहों के समक्ष जब्त किया गया है। ईश्वर राम यादव के कब्जे से एक विवो कम्पनी का मोबाइल 1 नग, नगदी रकम 3650, फिंगर प्रिंट बायोमेट्रीक डीवाईस, ओटीजी, एटीएम कार्ड, चेक बुक पंजाब नेशनल बैंक, एक मोटर सायकल होण्डा स्पेलेण्डर गवाहों के समक्ष जब्त किया गया है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर जेज भेजा गया। इस पूरी कार्रवाई में उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर, एएसआई रामजी साय, प्रधान आरक्षक त्रिनाथ यादव, आरक्षक चन्द्रशेखर बंजारे, अमित एक्का, छविकांत पैंकरा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।



## टिंबर मिल में लगी आग, भारी मात्रा में लकड़ियां जलकर खाक

**रायपुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में गुरुवार की सुबह भनपुरी के टिंबर मील में आग लग गई। बताया जा रहा है कि लकड़ी के दरवाजे बनाने वाली फैक्ट्री में धूप में रखे लकड़ियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग इतनी फैल गई कि सारी लकड़ियां जलकर राख हो गई। मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस आगजनी में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।



फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की वजह बताई जा रही है। खमतराई थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अब तक नुकसान का आंकलन नहीं किया जा सका है।

### 2 मासूम बच्चों के सिर से उठा मां का साया

# शिक्षिका को तेज रफ्तार बुलेरो ने रौंदा, फिर 500 मीटर तक घसीटा

**कोरबा।** कोरबा पाली-पोड़ी मार्ग मुख्य पर तेज रफ्तार बोलेरो ने स्कूटी को ठोकर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार शिक्षिक को गंभीर चोटें आने की वजह से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना सुबह लगभग साढ़े छह बजे की है। नगर पंचायत पाली के वार्ड क्रमांक 02 के उदय नगर में रहने वाली स्वाति दुबे 30 वर्ष डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षिका के पद पर पदस्थ थी। सुबह शिक्षिका किसी काम से स्कूटी पर सवार होकर गई थी। वापस लौटने के समय पाली-पोड़ी मार्ग पर नानपुलाली के पास तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने स्कूटी को चपेट में ले लिया और स्कूटी समेत स्वाति को लगभग 500 मीटर दूरी तक घसिटता रहा।

बोलेरो की रफ्तार इतनी तेज थी कि गाड़ी रूकी नहीं और पेड़ से जा टकराई। बताया जा रहा है कि आरोपी बोलेरो चालक ने गलत दिशा पर वाहन चला रहा था। इस कारण हादसा हुआ। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की जांच पुलिस कर रही है।





बताया जा रहा है कि विश्वेष दुबे व स्वाति दुबे के दो बच्चे हैं। दूसरे बच्चे की उम्र लगभग तीन वर्ष है। इस घटना में दोनों बच्चों के सिर से मां की ममता का साया उठ गया। स्वाति की मौत की खबर मिलते ही पूरे पाली समेत आसपास गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी नाराजगी व्याप्त है।

## जमीन के लालच में पिता की हत्या, दोस्तों को दिए थे पैसे, सभी आरोपी भेजे गए जेल

**धमतरी।** जिले में जमीन और पैसों के लालच में दो कलयुगी बेटों द्वारा अपने पिता की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में दोनों मृतक के बेटों सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सभी आरोपी आपस में दोस्त हैं, जिन्होंने हत्या में एक-दूसरे का सहयोग किया है।

बताया जा रहा है कि सिवनीकला निवासी आरोपी पुनमचंद पटेल ने जमीन और पैसों के लालच में अपने पिता फिरंता पटेल की हत्या की योजना अपने दोस्त सुदामा देवांगन, मिथलेश देवांगन और हरीश कुमार साहू के साथ मिलकर बनाई थी। जिसके बाद छह मार्च को गला घोंटकर अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया था। मौत को सामान्य बताकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं ग्राम बकली निवासी आरोपी सुदामा देवांगन भी कर्ज में डूबा हुआ था। जो जमीन को बेचना चाहता था। लेकिन उसके पिता पंचराम देवांगन जमीन को बेचने नहीं दे रहे थे। ऐसे में आरोपी ने 14 मई को अपने पिता को रास्ते से हटाने के लिए अपने दोस्त पूनमचंद पटेल और हरीश कुमार साहू के साख मिलकर अपने पिता को मौत की नींद सुला दिया। मौत को सामान्य बताकर उसका भी अंतिम संस्कार कर दिया। इस मामले में परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए इसकी शिकायत थाने में की थी। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्र से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम कराया। साथ ही पंचराम देवांगन को जलाने के बाद बचे अवशेष को जांच के लिए भेज दिया गया।

## तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

**कोरबा।** कोरबा में कोरबा-चाम्पा मार्ग पर कोथारी के निकट आज सुबह हादसे में युवक की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद देखते हैं देखते लोगों के भीड़ एकत्रित हो गई और फिर आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दी। सूचना पर मृतक के परिजन व पुलिस घटनास्थल पहुंचे। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जा रहा है की मृतक राकेश कुमार रात्रे निवासी ग्राम अखरापाली बरीडीह थाना उरगा अपने दो साथियों के साथ बाइक से जा रहा था। कोथारी के पास ही एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में राकेश की मौके पर ही मौत हो गई और उसके दो साथी घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)












## खास - खबर

### स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायतों में किए जाएंगे विभिन्न निर्माण कार्य

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिला पंचायत के सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वीकृत किये गये समस्त निर्माण कार्यों की कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में डॉ. संध्या कुर्रे ध्रुव सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंयायत दुर्ग द्वारा ग्राम पंचायतवार स्वीकृत समस्त निर्माण कार्यों की क्रमशः समीक्षा की गयी। जिसमें व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, व्यक्तिगत सोखता गड्ढा, व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक नाडेप एवं वर्मी कम्पोस्ट, रिचार्ज पिट, त्रिस्तरीय जलशुद्धिकरण इकाई, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट इकाई, फिकल स्लच ट्रीटमेंट प्लांट, सेग्रीगेसन शेड आदि के निर्माण एवं उपयोग की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी गयी। साथ ही अप्रारंभ कार्यों को प्रारंभ कराने एवं निर्माणाधीन कार्यों को 15 दिवस के भीतर पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिये गये। जिसमें अप्रारंभ एवं बन्द पड़े कार्यों के ग्राम पंचायत सचिव एवं तकनीकी सहायक को कार्य में रूचि नहीं लिये जाने के लिए एवं समीक्षा बैठक में अनुपस्थित सचिव तकनीकी सहायक को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। ग्राम पंचायतों में सत्यापन के दौरान त्रुटिपूर्ण एवं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों को सुधार कार्य करवाने के निर्देश जारी किये गये।

### बारिश से पूर्व सभी खुले चेम्बरों को आयुक्त ने दिया ढकने का निर्देश

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में वृहद पेयजल योजना के अंतर्गत सभी जोन क्षेत्र में पाईप लाईन बिछाई गई है। जहां पर ज्वाइंट वॉल्ब लगाये जाते है वहां पर चेम्बर बनाया जाता है। इसी प्रकार से जोन में जहॉ पर अंडर ग्राउण्ड सिवरेज लाईन है, जहां घरो पर ज्वांइट लगता है जहां पर भी खुले चेम्बर पाये जाये उसे स्लेब ढक्कन से ढक दिया जाये। जिससे बारिश के समय में पानी भरने पर किसी भी जानवर, राहगीर आदि का दुर्घटना न हो। सनद रहे की बारिश में यदि खुला चेम्बर छुट जाता है तो पानी भर जाने के बाद जानवर, राहगिरो के गिरने की दुर्घटना बनी रहती है उसको रोकने के लिए आयुक्त देवेश ध्रुव ने सभी जोन आयुक्त एवं इंजिनियरो को निर्देश दिये है 10 जून तक सभी खुले चेम्बरो पर ढक्कन लग जाना चाहिए। ढक्कन लगाने की कार्यवाही निगम के सभी क्षेत्रो में चल रही है। अगर कही पर खुला चेम्बर दिखता है, तो आम नागरिक अपने क्षेत्र के जोन कार्यालय को सूचित कर देगें तो वहॉ भी खुले चेम्बर पर ढक्कन लगा दिया जायेगा।

### मतगणना दलों के गठन के लिए द्वितीय एवं तृतीय रेण्डमाईजेशन

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए मतगणना दलों का गठन किया जाना है। इस हेतु मतगणना दल का द्वितीय रेण्डमाईजेशन 03 जून 2024 को प्रातः 10 बजे तथा तृतीय रेण्डमाईजेशन 04 जून 2024 प्रातः 5 बजे से एनआईसी कक्ष जिला कार्यालय दुर्ग में किया जाएगा। उक्त कार्यवाही के दौरान काउंटिंग आब्जर्वर तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित रहेंगे।

### आवासीय तीरंदाजी खेल अकादमी रायपुर में खिलाड़ियों का नवीनीकरण एवं चयन ट्रायल


**दुर्ग।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा रायपुर जिले में एन.एस.डी.सी. लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से संचालित विभागीय आवासीय तीरंदाजी खेल अकादमी में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों का प्रवेश नवीनीकरण एवं नवीन प्रवेश हेतु खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 3 से 4 जून 2024 तक समय प्रातः 7 बजे से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में किया जा रहा है। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण लकड़ा के अनुसार 13 से 17 आयु वर्ग के तीरंदाजी खिलाड़ी इसमें भाग ले सकते हैं। इच्छुक खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम स्थित कार्यालय में 31 मई 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

# रातों रात हो गया सड़क का डामरीकरण कमीश्नर और महापौर को भी नहीं पता

## विधायक रिकेश बोले- होगी बड़ी कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। आदर्श आचार संहिता के दौरान नगर निगम भिलाई के कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत ने ऐसी तत्परता दिखाई कि रातों रात दो दिन में सड़क डामरीकरण हो गया। कागजी गुणवत्ता से दूर जिस सड़क पर रात भर काम कर जल्द बिल पास करवाने की जुगत लगाई गई वह सड़क डामरीकरण के नाम पर महज खानापूर्ति की दास्तान खुद ब खुद बयां करने लगी नतीजतन स्मृति नगर और आनंद नगर क्षेत्र के रहवासियों ने तत्काल बड़ी संख्या में इसकी शिकायत वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से कर दी। विधायक रिकेश सेन ने कहा- बड़ी कार्रवाई होगी।**



बता दें विधायक रिकेश सेन पिछले डेढ़ हफ्तों से झारखंड के दुमका लोकसभा चुनाव प्रचार में गए हुए थे। इधर उनके आने से पहले इस काम को लुक-छिपकर अंजाम दिया गया। हैरत की बात यह है कि विधायक रिकेश सेन ने जब निगम कमिश्नर और महापौर से इस संबंध में बातचीत की तो उन्हें भी यह कार्य कराये जाने की सूचना तक नहीं थी।

कमिश्नर, मेयर और विधायक की जानकारी के बिना आचार संहिता के बीच धड़ल्ले से यह काम करवाया जाना एक बड़े षड़यंत्र और भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। नतीजतन विधायक रिकेश ने तत्काल ऐसा टारगेट देकर ठेकेदार से रातों रात काम की खानापूर्ति करवाने वाले अधिकारियों के संबंध में कड़े एक्शन लेने की बात कही है। उनकी पहल से पूरा मामला राज्य सरकार के संज्ञान में लाया गया और अब इस पर कड़ी कार्रवाई के कयास लगाए जा रहे हैं। श्री सेन ने निगम आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि संबंधित लोगों पर जांच कर कड़ी कार्रवाई करें।

इधर दूसरी तरफ निगम अधिकारियों की एक और कारस्तानी झारखंड से लौटने पर विधायक रिकेश सेन के संज्ञान में आई है और भी मामला जल्द बड़े एक्शन की ओर इशारा कर रहा है। दरअसल वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कलेक्टर को पत्र लिख शारदापारा कैंप-2 तालाब में रिटेनिंग वॉल निर्माण की जांच करवाने कहा है। विधायक ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शारदा पारा तालाब केम्प-2 में रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य तालाब की लुगदी और मलबे की साफ-सफाई पश्चात् नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा किया जाना था परन्तु निर्माण एजेन्सी द्वारा तालाब की लुगदी लगभग 10 फीट की बिना साफ-सफाई व नींव खोदे बिना ही लुगदी के ऊपर रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जा रहा है जिससे रिटेनिंग वॉल निर्माण में अपेक्षित मजबूती नहीं होगी व रिटेनिंग वॉल बहुत जल्दी ही खराब होने की आशंका बलवती है। इससे आस-पास के लोगों में काफी आक्रोश है व शासन की राशि का भी दुरूपयोग हो रहा है। श्री सेन ने कहा कि जनआकांक्षा के अनुरूप केम्प-2 शारदा पास तालाब रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए।

आपको बता दें कि स्मृति नगर और आनंद नगर में बिना विधायक, आयुक्त और महापौर के संज्ञान में लाए जो डामरीकरण कार्य दो दिन के भीतर निपटा दिया गया है, वह कार्य निगम से ठेका कंपनी सीमा और क्वालिटी कंस्ट्रक्शन द्वारा किया गया। अधोसंरचना मद का यह पूरा काम 43 लाख का था जिस पर आचार संहिता के दौरान निगम अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत का आरोप लग रहा है। जानकारी मिली है कि विधायक, महापौर और आयुक्त के संज्ञान में लाए बगैर निगम अधिकारी ने संबंधित ठेका कंपनी को दो दिन का टारगेट देकर आनन फानन यह काम पूरा करने कहा।

ठेका कंपनी ने भी नियमों को ताक पर रख रातों रात सड़क पर डामर बिछा कर अपना पल्ला झाड़ लिया है। आज सम्पूर्ण मामला सामने आने पर विधायक ने इसे गंभीरता से लिया और आयुक्त से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# बार एण्ड रॉड मिल विभाग में हिंदी कार्यशाला आयोजित




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एण्ड रॉड मिल विभाग के वर्क्स ऑफिस बिल्डिंग 'सिक्योर भवन' स्थित सभागार में महाप्रबंधक प्रभारी योगेश शास्त्री के मुख्य आतिथ्य में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

कार्यशाला में बीआरएम विभाग के महाप्रबंधक द्वय एस एन त्रिपाठी व शिखर तिवारी, उप महाप्रबंधक तुषार श्रीखण्डे, वरिष्ठ प्रबंधक सुनील सोनी, उप प्रबंधक ग्लेमिका पटेल तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी योगेश शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी भाषा की विशेषता है कि, इसमें भाव एवं शब्दों में एकरूपता रहती है। हिंदी एक समावेशी भाषा है, हमें कठिन शब्दों का प्रयोग करने से बचना चाहिए व बोलचाल की सरल हिंदी का प्रयोग करना चाहिए। भाषा का मुख्य उद्देश्य है संप्रेषण, और इसके लिए सरल हिंदी ही सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। हिंदी हमारे समग्र निष्पादन में भी सहायक है। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान, यातायात, सुरक्षा, पर्यावरण एवं वित्तीय शब्द ज्ञान पर आधारित एक रोचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के विजेता हैं- प्रथम पुरस्कार- कविता कुमारी , द्वितीय पुरस्कार- सिमा कुमारी , तृतीय पुरस्कार फूलमनी प्रोत्साहन पुरस्कार सुनील कुमार सोनी वेमुकूरि इम्मानुएल तथा बीरेन्द्र कुमार सिंह ने प्राप्त किया।

वरिष्ठ प्रबंधक एवं विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी बीरेन्द्र कुमार सिंह ने विभाग द्वारा हिंदी के क्षेत्र में विशेष उल्लेखनीय कार्यों एवं संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं की जानकारी दी व विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि संयंत्र स्तरीय एवं 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' स्तरीय प्रतियोगिताओं सहित समस्त राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं एवं आयोजनों में बार एण्ड रॉड मिल के कार्मिकों की सदैव प्रतिभागिता रहती है। पत्रिका 'भिलाई भाषा भारती' तथा नराकास की पत्रिका 'महानदी' के प्रत्येक अंक में बार एण्ड रॉड मिल के कार्मिकों की रचनाएँ प्रकाशित होती हैं।

# बख्शी जी के संस्मरणों से होती है आत्मगौरव की अनुभूतिः शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। हमें अपने पूर्वजों, महापुरुषों और उनके साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्मरणों से स्वाभिमान और आत्मगौरव की अनुभूति होती है। जिस देश-समाज की किसी पीढ़ी में यदि ऐसी सोच नहीं होती तो उसका विनाश प्रायः निश्चित है। इसलिये मरण से बचना है तो गौरवों का स्मरण करो। संस्कृति के पुरोधा साहित्य सर्जक एवं पत्रकार , साहित्य वाचस्पति डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बख़्शी पर केन्द्रित यह संस्मरण समारोह एक आदर्श और अनुकरणीय आयोजन है।**

ये उद्गार हैं इस्पात नगरी के साहित्य संस्कृति मर्मज्ञ आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा के। वे कायस्थ समाज द्वारा दिग्विजय कालेज राजनांदगांव में आयोजित उक्त समारोह में विशेष आमंत्रित वक्ता के रूप में साहित्य प्रेमियों की सभा को सम्बोधित कर रहे थे। देश - विदेश के अनेक सफल शैक्षणिक और साहित्यिक भ्रमण कर चुके आचार्य डॉ.शर्मा ने आगे कहा कि खैरागढ़ - राजनांदगांव के डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी ने बनारस के सेन्ट्रल हिन्दू कालेज से उच्च शिक्षा प्राप्त की और नांदगांव में संस्कृत शिक्षक के रूप में सेवा शुरू की। अन्य साहित्यकारों के समान संस्कृत पृष्ठभूमि ने उन्हें प्रसिद्ध साहित्यकार बनाया। इधर अंग्रेजी साहित्य और पत्रकारिता के ज्ञान और अनुभव ने उनके व्यक्तित्व का और भी विकास किया।

प्रसिद्ध निबंधकार और सरस्वती पत्रिका के प्रधान संपादक आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने बख़ूशी जी की विशेषज्ञताओं से प्रभावित होकर उन्हें सरस्वती के संपादक का दायित्व भी दिया , ये छत्तीसगढ़ के लिये गर्व की बात है। वक्तव्य के क्रम में बख्शी जी की सुपौत्री एवं भिलाई की प्रसिद्ध कथाकार डॉ.नलिनी श्रीवास्तव ने बताया कि आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी संस्कृत महाकवि भारवि के दो श्लोकों की बख़ूशी द्वारा की गई व्याख्या से बहुत प्रभावित हुए और उन्हें सरस्वती का सम्पादक मनोनीत किया। बहुभाषाविद् बख़ूशी जी को हिन्दी और संस्कृत के अलावा मराठी, बांग्ला और अंग्रेजी का भी अच्छा ज्ञान था। अंग्रेजी कहानी फैट का हिन्दी अनुवाद तारिणी नाम से हितकारिणी में प्रकाशित और लोकप्रिय हुआ।

# भिलाई में पहली बार कल्पवृक्ष फैशन वीक ऑडिशंस अपने हुनर का जलवा दिखाने हो जाइए तैयार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई में फैशन के खुले मंच पर आप भी दिखा सकेंगे अपना टैलेंट न उम्र का तकाज़ा न जेंडर की बाधा कल्पवृक्ष फैशन वीक ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता संसेशन ऑफइंडिया के लिए ऑडिशन की घोषणा के साथ सभी लोगों को एक खुला मंच दिया है किसी भी वर्ग के लोग इस मंच से अपना हुनर दिखा सकते हैं।**




कल्पवृक्ष फैशन वीक द्वारा संसेशन ऑफ इंडिया के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता जहां लाइव संगीत के साथ कल्पवृक्ष फैशन वीक रखा गया है जिसका ऑडिशंस 1 जून और फिनाले 9 जून को होने वाला है।

कल्पवृक्ष प्रोडक्शन की फाउंडर डायरेक्टर सृष्टि मेनन ने बताया कि भिलाई में 1 जून से होने वाले इस रोमांचक ऑडिशन जो सूर्या ट्रेजर आइलैंड में किया जाएगा इस प्रतियोगिता में कोई भी भाग ले सकता है, चाहे वह लड़के हों, लड़कियां हों, छोटे बच्चे भी इस में भाग ले सकते है , जोड़े (Mr. & Mrs.) हों, फोटोग्राफर हों, मेकअप आर्टिस्ट हों या फैशन डिजाइनर हो सबके लिए एक बेहतरीन मंच कल्पवृक्ष फैशन वीक की घोषणा से मिलेगा एमी फैशन के और एस सी स्किन केयर के सहयोग से अपने अंदर की टैलेंट को बाहर निकाल के दुनिया के सामने लाने के लिए एक जबरदस्त प्रतियोगिता जो भिलाई के हुनरमंद लोगों को और निखार कर सामने लाएगी सबसे बड़ी बात यह है की भिलाई में पहली बार फैशन शो लाइव संगीत के साथ आयोजित किया जाएगा जो की सभी प्रतिभागियों के लिए खुला है।

लाइव संगीत के साथ-साथ आयोजित कल्पवृक्ष फैशन वीक जिसका फिनाले 9 जून को न्यू पार्किंग सिविक सेंटर में रखा गया है लाइव संगीत के साथ। अपने कौशल अपने श्रम अपने हुनर के लिए जाना जाने वाला भिलाई और यहां होने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फैशन के प्रति उत्साही लोगों को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन कर सकें। यह आयोजन विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो फैशन और कला के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाना चाहते हैं।

कल्पवृक्ष फैशन वीक के आयोजकों व कल्पवृक्ष प्रोडक्शन की फाउंडर डायरेक्टर सृष्टि मेनन ने बताया कि संसेशन ऑफ इंडिया प्रतियोगिता फैशन इंडस्ट्री में नए मानक स्थापित करेगी और प्रतिभागियों को अपने कौशल और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगी । इस अनूठी पहल के माध्यम से, आयोजक न केवल प्रतिभाशाली व्यक्तियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं, बल्कि फैशन उद्योग में स्थिरता और नवाचार को भी बढ़ावा दे रहे हैं। यहां से कर सकते है ऑडिशंस के लिए रजिस्ट्रेशन ऑडिशंस में भाग लेने के लिए सबसे पहले आपको पंजीयन करना होगा रजिस्ट्रेशन के लिए आप 8839647137, 9589992225 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# आयुक्त ने पानी का प्रेशर जांचा, नहीं मिली समस्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर निगम के सीमा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 और 12 में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा सुबह कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम सहित अधिकारी, कर्मचारियो के साथ निरीक्षण किया गया।

उन्होंने निरीक्षण के मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहर क्षेत्र में चल रहे कार्यो को शीघ्र पूर्ण करें साथ ही सड़क में कार्यों के पश्चात मलबे को हटाने के लिए भी कहा गया। उन्होंने विभागीय अधिकारियो को वार्ड में पानी की समस्या के निराकरण पाइपलाइन कार्य को गम्भीरता से लेते हुए शीघ्र पूर्ण करने की बात कही। तत्पश्चात आयुक्त लोकेश चन्द्राकर गुरु धासीदास वार्ड पहुँचे जहाँ वार्ड 44 एवम अन्य सभी क्षेत्रों में लगभग पानी सप्लाई सामान्य होना पाया गया। आयुक्त ने कहा कि जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या मशीनों के खराबी या तकनीकी खराबी के कारण होती है उसे तुरंत संधारण के निर्देश दिए।आयुक्त ने पानी का प्रेशर जांचा,नही मिली समस्या।



पानी सप्लाई के समय अधिकारी अपने प्रभारित वार्ड में निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी से शहर बेहाल है साफ हिदायत देते हुए कहा कि नगर निगम क्षेत्र में कही भी पानी की सप्लाई बाधित न हो। हर नागरिक को पीने का पानी मिले यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने ये भी कहा कि लीकेज पाइपलाइन की रिपोर्ट तैयार कर उसे समय रहते ठीक करवाने की बात कही।अधिकारी-कर्मचारी रोजाना आम नागरिक से पानी की उपलब्धता को लेकर फीडबैक लेंगे।निरीक्षण के दौरान उपअभियंता मोहित मरकाम,जल कार्य निरीक्षक नारायण सिंह ठाकुर के अलावा अमला मौजूद रहें। इस संबंध में नियमित पेयजल सप्लाई के साथ-साथ निगम क्षेत्र के सभी पाइपलाइन, पावर पम्प एवं हैण्ड पम्प का संधारण गुणवत्तापूर्वक किया जाये। नगर निगम के द्वारा सप्लाई पाईप लाईन में कहीं भी लिकेज होने की स्थिति में उसका तत्काल संधारण किया जावे। हैण्ड पम्प में कही भी जलभराव न हो यह भी ध्यान रखा जाये। आवश्यकता हो तो टेंकर से भी सप्लाई नियमित रूप से किया जाये। नगर निगम के इंजिनियर एवं सुपरवाईजर इस बात का ध्यान रखे कि जिन बस्तियो में टेंकर से पानी सप्लाई हो रहा है वहां निर्धारित स्थल एवं समय पर पानी सप्लाई हो।

# पीएचडी भी करवाई जाए छत्तीसगढ़ी भाषा में, उठी मांग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** राज्य सरकार से छत्तीसगढ़ी भाषा को बढ़ावा देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर एमए छत्तीसगढ़ी के प्रवर्तक और साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से भेंट की। उन्होंने एमए छत्तीसगढ़ी योग्यताधारियों को अतिथि व्याख्याता बनाने की पहल किए जाने पर छत्तीसगढ़ सरकार का आभार जताया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री अग्रवाल को दुर्गा प्रसाद पारकर ने बताया कि एमए छत्तीसगढ़ी योग्यताधारी युवाओं को अतिथि व्याख्याता बनाने आदेश जारी करने से एमए छत्तीसगढ़ी की पढ़ाई कर चुके युवाओं में हर्ष है। इस विषय की पढ़ाई शुरू करने की मांग प्रमुख रूप से उठाने वाले और बाद में एमए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारी युवाओं को शासकीय सेवाओं में भर्ती की मांग करने वाले साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर ने शासन की पहल पर संतोष जताया है। मंत्री अग्रवाल को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने मांग की है कि कला स्नातक में स्वतंत्र विषय के रूप में छत्तीसगढ़ी साहित्य की शुरुआत की जाए।

# भयंकर गर्मी की स्थिति निर्मित होने का अनुमानः लू से बचाव के लिए करें उपाय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले में लगातार बढ़ रहे लू और बुखार के मरीजों को देखते हुए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम एवं जिला सर्वेलेंस अधिकारी आईडीएसपी दुर्ग डॉ. सी.बी.एस. बंजारे के मार्गदर्शन में रितीका मसीह, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट दुर्ग कॉम्बेट टीम, महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सुपरवाईजर, मैदानी स्तर पर मितानिन सहित एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा आम जनता को लू-तापघात से बचाव के लिए नियमित निगरानी की जा रही है।



लू लगने के लक्षण जैसे सिर में भारीपन और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना उक्त स्थिति से निपटने, सभी अस्पतालों और हेल्थ सेंटर के पैरामेडिकल स्टाफ को हीट स्ट्रोक को तुरंत पहचानने और मरीज को असरदार इलाज देने के लिए हीट इलनेश मैनेजमेंट प्रीपेयर्डनेस के निर्देश दिये गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम के अनुसार गर्मी की स्थिति निर्मित होने से वैज्ञानिक स्तर पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि गर्म हवा का दबाव 44 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो सकता है। जो कि सभी के लिए खतरनाक हो सकता है, जिसकी वजह से अस्पतालों में मरीजों की संख्या में वृद्धि होने की पूर्ण संभावना है। मौसम में बदलाव के कारण सभी वर्ग के व्यक्ति प्रभावित होते हैं। प्रमुख रूप से बच्चों में सर्दी, खांसी, बुखार व उल्टी दस्त की शिकायते मिलती है। जिले में औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष ग्रीष्म ऋतु में तापमान वृद्धि से लू की संभावना अधिक होती है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू का अलर्ट जारी किया गया है। आम जनता को लू के लक्षण से अवगत कराया जाकर जन-जागरूकता लायी जा रही है। लू से बचाव के लिए जिलेवासियों से विभिन्न उपायों को करने की अपील की गई है जैसे अधिक मात्रा में पानी पीयें, बहुत अनिवार्य होने पर घर से निकले, धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से बांध लें, अधिक समय तक धूप में न रहें, गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती के कपड़े पहने ताकि हवा और कपडे पसीने को सोखते रहे, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. का घोल पिये, चक्कर आने, मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें। शीतल पेयजल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। लू-तापघात के प्रारंभिक उपचार जैसे बुखार पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाएँ, अधिक पेय पदार्थ का सेवन करें जैसे नारियल पानी, आम का पना, जलजीरा आदि। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटा दें, खुले में हवादार एवं ठंडे स्थान में रखें। शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें। पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाए। मितानिन, ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. के पैकेट हेतु संपर्क करें। सभी शासकीय चिकित्सालयों में लू के प्रबंधन हेतु निर्देश दिये गये है जैसे बाह्य रोगी विभाग में आने वाले सभी मरीजों में लू के लक्षण की जॉच अवश्य करें। प्रत्येक अस्पतालों में कम से कम दो बिस्तर इन मरीजों के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड में शीतलता हेतु कूलर की व्यवस्था की गयी है। प्रत्येक संस्था में ओ.आर.एस. कार्नर बनाया गया है। वार्ड में शीतलता हेतु कूलर की व्यवस्था की गयी है। प्रत्येक संस्था में ओ.आर.एस. कार्नर बनाया गया है। मितानिन व संबंधित क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को पर्याप्त मात्रा में दवाईयों उपलब्ध करा दी गयी है। लू-तापघात की रोकथाम व बचाव हेतु नगरीय निकाय एवं शुद्ध पेयजल हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से निरन्तर समन्वय बनाया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950